तापमान
अधिकतम 38.1 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार, 12 अप्रैल 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



12 पीड़ित परिवार से मिले विधायक गजेन्द्र, कहा सरकार आपके साथ





13 समस्याओं का निराकरण करने मनाया जा रहा सुशासन तिहार









## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव पर आज शोभायात्रा

**भिलाई।** हनुमान जन्मोत्सव के मौके 12 अप्रैल को शाम 4 बजे से कार्यक्रम आयोजित है। इस मौके पर भव्य शोभायात्रा निकलेगी। आशीष नगर वार्ड-25 प्रियंका नगर महाकलेश्वर मंदिर प्रांगण से लक्ष्मी नगर रिसाली वार्ड -29 से डीपीएस चौक रिसाली के हनुमान मंदिर प्रांगण में भव्य ध्वजारोहण होगा।

### पत्नी का बयान बदलवाने डाला जा रहा दबाव

**भिलाई।** चाय बनाते समय पल्लू जलने से आग की चपेट में आने वाली महिला नीतू के पति शास्त्री चौक भिलाई वार्ड 19 कैम्प निवासी संतोष साव ने पुलिस में शिकायत किया है कि पत्नी से बयान बदलने के लिये ससुराल वाले दबाव डाल रहे है। बेटा पवन साव को ससुराल वाले छीनकर ले गए है। बेटा को लेकर जाने से पत्नी की हालत पहले से अधिक खराब हो गई है। संतोष का आरोप है कि अशोक साव, ईश्वर, पप्पू ,नीरव,पूजा सोनी, प्रीति, आंकाशवा देवी, अनिता देवी समेत अन्य लोगों ने आकर मां के साथ जबरन मारपीट किया। ससुराल वाले जबरन बयान बदलने का दबाव बना रहें है। गौरतलब हो कि 3 अप्रैल को नीतु घर पर चाय बना रही थी अचानक पल्लू में आग लगने से बुरी तरह जल गई। जिसे उपचार के लिए दुर्ग जिला अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी गंभीरता को देख चिकित्सकों ने उसे रायपुर अस्पताल भेज दिया। जहां उपचार जारी है।

### मकानों से नकदी और जेवरात पार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** दो अलग-अलग मकानों का ताला टूटने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए) 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि बीएसपी सेवानिवृत्त कर्मी चंद्र नगर उमरपोटी निवासी धनराज मेश्राम मकान में ताला जड़कर परिवार समेत राजनांदगांव शादी में गए हुए थे। देर रात घर लौटने पर देखा मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। अलमारी में रखा हुआ सोना चांदी के जेवरात नगद रकम गायब मिला। कुल 30 हजार का सामान पार हुआ है। सुशील पाठक के घर में भी चोरी हुई है। जिनसे पुछने पर बताया कि परिवार को साथ में गरियाबंद गए थे। पडोसी संजय गायकवाड ने फोन कर बताया कि मकान का ताला टुटा हुआ है। सुशील पाठक के मकान से 80 हजार की चोरी हुई है। पुलिस आसपास लगे सीसी कैमरा को खंगालने जुटी हुई है।

---

### भिलाई निगम की सामान्य सभा में स्वीमिंग पूल निर्माण टेंडर पारित होने के पहले ही जारी होने पर सदन में विवाद

**बिग कंट्रोवर्सी**

# टेंडर विवाद को लेकर आयुक्त बोले-कुछ सदस्यों के पेट में दर्द साडा की फाइल खुलवाएंगे, दया ने कहा-किसकी फाइलें खुलेंगी

*हरिभूमि न्यूज :भिलाई। भिलाई निगम की स्थगित सामान्य सभा की चर्चा के लिए बुलाई गई बैठक में तीन बड़े विवाद हुए। पहला विवाद प्रस्ताव क्रं. 7 में प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम के रिक्त भूमि पर स्वीमिंग पुल निर्माण को पारित करने के लिए सदन में लाया गया। 497.74 लाख के इस स्वीमिंग पुल के लिए जिला खनिज न्यास के अंतर्गत कलेक्टर से निगम आयुक्त ने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त करते हुए टेंडर निकाला है। विपक्ष ने टेंडर बिना सामान्य सभा की अनुमति निकाले जाने पर जमकर विरोध किया। दूसरे विवाद में सत्ता पक्ष के पार्षद ने निगम द्वारा लगाए गए पोस्टर में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय की फोटो को लेकर विपक्ष और पक्ष के पार्षद जमकर भिड़ गए। तीसरा विवाद आवासीय व व्यवसायिक लीज डीड टैक्स को लेकर हुआ। मेयर नीरज पाल ने सदन में सात प्रमुख एजेंडे को रखा।*

#### 1 आयुक्त बताएं कि किस सदस्य के पेट में दर्द

भाजपा पार्षद पीयूष मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र अरोराः सामान्य सभा में बिना पारित हुए 497.74 लाख का टेंडर कैसे निकाल दिया । चीफ इंजीनियर के बिना अनुमति के जोन अधिकारी ने कैसे निविदा बढ़ा दी। टेंडर प्रक्रिया गलत हुई है। इसमें शर्तें नियम के तहत होनी चाहिए।

**निगम आयुक्त राजीव पांडेय-** कलेक्टर महोदय से त्वरित कार्य की प्रत्याशा में हमने ये टेंडर निकाला है। मेरे से चूक हुई है। आगे प्रत्याशा में कोई भी टेंडर नहीं निकालेंगे। माननीय सदस्य टेंडर निरस्त करना चाहते हैं तो वे कर सकते हैं। टेंडर के लिए हुए सरकारी खर्च मेरे और दोनों अधिकारियों के वेतन से काट लें। किसी सदस्य के पेट में दर्द हो रहा है। साडा कार्यकाल की फाइलें भी खुलावाएंगे।

**उपनेता प्रतिपक्ष दयासिंह-** अध्यक्ष महोदय, कमिश्नर ने सदन में पेट दर्द की बात कही है। वे बताएं कि किस सदस्य के पेट में दर्द हुआ है और किसकी फाइलें खुलवाएंगे। उसके बाद ही सदन आगे चलेगी। यह हम सभी सदस्यों का अपमान हैं।

**निगम आयुक्त राजीव पांडेय-** अध्यक्ष महोदय निगम की वित्तीय स्थिति को देखने की जिम्मेदारी मुझ पर है। शासन के आदेश पर मैं यहां हूं। सभी सदस्य सम्मानीय हैं। पेटदर्द की बात ऐसे ही मुंह से निकल गई। जिसके लिए मैं क्षमाप्राथी हूं।



#### 2 सरकार अपनी, जिसका चाहे लगाएंगे फोटो

**कांग्रेस पार्षद भूपेंद्र यादवः** निगम के सरकारी पैसे का दुरूपयोग हो रहा है। जोन क्रमांक 4 कार्यालय के सामने पूर्व विधायक की फोटो निगम के पोस्टर में लगाई गई है। वर्तमान विधायक का फोटो नहीं है। नेहरूनगर से केपीएस चौक तक सीएम व नगरीय निकाय मंत्री की फोटो हटाकर विधायक व मेयर का फोटो लगा दिया गया। यह पोस्टर विवाद में कांग्रेस व भाजपा पार्षदों के बीच जमकर विवाद हुआ। आखिर में भाजपा पार्षद विनोद सिंह ने सदन में अपने तीखे तेवर दिखाते हुए कहा।

**भाजपा पार्षद पीयूष मिश्रा व नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा-** पूर्व विधायक विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं। गजट में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष को आजीवन राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है। इसलिए उनकी फोटो विवाद का विषय नहीं है।

**भाजपा पार्षद विनोद सिंह-** कांग्रेस की सत्ता थी तो वार्ड 40 व 41 के भाजपा पार्षदों को भूमिपूजन तक में नहीं बुलाते थे। माननीय प्रेमप्रकाश पांडेय की फोटो नहीं हटेगी। प्रदेश में अपनी सरकार है। जिसकी फोटो चाहें लगवाएंगे। कोई निकाल कर बताए।

#### 3 2020 से लीज डीड टैक्स

सदन में प्रस्ताव क्रमांक 2 में निगम के विभिन्न आवासीय, व्यवसायिक, आवास सह व्यवसायिक योजना का रखा गया। इस प्रस्ताव पर लीज डीड को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष में जमकर बहस हुई। इस दौरान पिछले विशेष सम्मेलन में 50.28 करोड़ का सफाई टेंडर भी उठा।

**महापौर नीरज पाल-** योजनाओं में विलंब शुल्क क्षतिपूर्ति निर्धारण किए जाने व समय वृद्धि 1-4-2019 से 31.3.2020 तक निरंतर रखे जाने तथा पुष्टि हेतु सामान्य सभा की बैठक में रखे जाने का सर्व सम्मति से संकल्प पारित किया गया है।





सदन में विधायक प्रतिनिधि अरोरा व मेयर पाल।

**राजेंद्र अरोरा-** वर्ष 2021 को आयुक्त ने राज्य को पत्र लिखा। शासन ने वर्ष 2020 को अमान्य कर दिया। यानी शासन ने इसे स्वीकृति नहीं दी। इसलिए दर यथावत रखा जाना चाहिए।

**पीयूष मिश्रा-** वर्ष 2017 में स्वीकृति मिली और वर्ष 2019 से निगम के अधिकारियों ने बिना सामान्य सभा के पारित हुए टैक्स वसूला और 4.99 करोड़ रूपए लोगों से जमा करवाए हैं। क्या यह वापस होगी।

**नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा-** 26-6-2024 की सामान्य सभा में सुनियोजित ढ़ंग से 50.28 करोड़ का टेंडर पारित कर लिया गया। हमें चर्चा करने का मौका ही नहीं दिया।

#### सामान्य सभा में ये प्रस्ताव मंजूर

- रामनगर मुक्तिधाम का उन्नयन व विकास कार्य के लिए मेसर्स चौहान स्टेट को अनुमति प्रदान की गई।
- आबंटित भूमि पर भवन निर्माण- एक साल तक यदि भवन निर्माण नहीं हुआ तो निरस्त करेंगे। 31 मई के बाद 50 प्रतिशत टैक्स ज्यादा लगेगा।
- सुपेला रोड नामकरण पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर किए जाने निर्णय।
- एवेन्यू ए सेक्टर 7 सड़क शहीद संजय गुप्ता के नाम पर किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति।
- जोन क्रमांक 3 एवं शिवनाथ विस्तार योजना के लिए भू आबंटन को भी दी गई मंजूरी।
- रोटरी क्लब को नि :शुल्क पिंक टॉयलेट निर्माण के लिए सामान्य सभा से स्वीकृति प्रदान की गई।
- प्रियदर्शनी परिसर में सिथेंटिक एथलेक्टिक्स ट्रैक व प्राकृतिक फुटबॉल मैदान निर्माण।

---

## गोकुल नगर में बिजली कंपनी का कारनामा...



जेएम तांडी ⏭भिलाई

**भिलाई।** तस्वीर चौकाने वाली है, ये कारनामा बिजली कंपनी का है, जिसने गोकुल नगर कुरुद में 100 से ज्यादा ऐसे अस्थाई कनेक्शन दिए हैं, जिन्होंने बिजली पोल से निर्धारित स्थल तक बिजली कनेक्शन पहुंचने के लिए तारों को बांस का सहारा लिया। बांस भी ऐसे कि तेज हवा में कभी भी धाराशाही हो सकते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो सुरक्षा की ये बड़ी अनदेखी है, लेकिन बिजली कंपनी के अधिकारी इसे लेकर गंभीर नहीं हैं। इसके कारण इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए बड़ा खतरा निर्मित हो गया है। बता दें कि बिजली कंपनी अस्थाई बिजली कनेक्शन देती है। यह कनेक्शन अधिकतम 1 साल तक के लिए दिया जा सकता है। इसके लिए बिजली पोल से निर्धारित स्थल तक बिजली तारों को पहुंचाने की जिम्मेदारी उपभोक्ता की होती है। सर्विस लाइन कैसे पहुंचेगा, इसके लिए भी गाइडलाइन बनी हुई है। क्लास-1 और क्लास-2 स्तर के अधिकृत ठेकेदार एनओसी देते हैं, जिसके आधार पर कनेक्शन की स्वीकृति मिलती है। इन सबकी खुलकर अनदेखी हो रही है।

> "गोकुल नगर के उक्त क्षेत्र में मकान बनाने के लिए अस्थाई कनेक्शन दिए गए हैं। अवैध कनेक्शन जैसी कोई बात नहीं है।
> सीमा बघेल, एई वैशालीनगर

---

### नेवई थाना अंतर्गत बीआरपी चौक की घटना

## मानसिक रोगी की हत्या, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



नेवई थाना अंतर्गत बीआरपी चौक में ओवरब्रिज के नीचे खड़े होकर चार लोगों ने मानसिक रोगी की हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने तीन युवक समेत 1 अपचार बालक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि शकील अहमद खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका छोटा भाई जमील अहमद जो कि दिमागी रूप से कमजोर था। 7 अप्रैल को शाम करीबन 5.30 बजे बीआरपी चौक ओव्हर ब्रीज के नीचे खड़ा होकर बड़बड़ा रहा था तो गुलशन, दुष्यंत, राजू साहू उर्फ करियां राजू एवं अपचारी बालक ने गाली देते हो कहकर सभी एक राय होकर मां बहन की अश्लील गाली देकर सभी मिलकर हाथ मुक्का, डंडा, बेल्ट व पंच से मारपीट की। जिससे सिर, नाक,सीने व शरीर में विभिन्न जगह गंभीर चोटें आई थी। इस पर 296, 118(1), 351(3), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। घायल जमील अहमद की उपचार दौरान डीके अस्पताल रायपुर में मृत्यु हो गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ल के निर्देश पर थाना प्रभारी नेवई के नेतृत्व में टीम गठित की गई। इसी दौरान आरोपीगण गुलशन, दुष्यंत, राजू साहू उर्फ करियां राजू व अपचारी बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया जो अपराध घटित करना स्वीकार करते हुए घटना में प्रयुक्त लोहे का पंच, बेल्ट व डंडा को जप्त किया । आरोपी का कृत्य धारा सदर का अपराध का घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जाता है।

---

### विधायक देवेंद्र यादव ने सरकार से पचास लाख मुआवजा देने की रखी मांग

# कांग्रेसी पहुंचे बच्ची के घर, सीबीआई जांच की मांग दोहराई

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव दुर्ग के उरला वार्ड में विगत दिनों हुए मासूम के साथ बर्बरता और हत्या मामले में परिजनों से मिले। इस दौरान उन्होने कहा कि, परिवार के साथ पुलिस ने बेहद बर्बरता की है। अगर परिजन कार्यवाही से संतुष्ठ नही हैं तो उन्हें संतुष्ठ करने की जिम्मेदारी भी पुलिस की है।

शुक्रवार को विधायक देवेंद्र यादव सर्व यादव समाज के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ पीड़ित परिवार से मिलने गए। उनसे मिलकर उन्होने परिवार का ढांढस बंधाया। विधायक ने कहा कि, इस दुख की घड़ी में पूरा सर्व यादव समाज उनके साथ है। यादव समाज की ओर से शासन से मांग की गई है कि, पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। पीड़ित परिवार से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत



के दौरान विधायक यादव ने कहा कि, यह इतना दुखद घटना है, जिसके बारे में सोंच कर ही रूह कांप जाती है। उस मासूम बच्ची के साथ बड़ी हैवानियत हुई है। परिवार न्याय चाहता है। लेकिन परिवार पुलिस और प्रशासन की अब तक की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। परिवार ने बताया कि, पुलिस ने महिलाओं को रात में उठाकर ले गए।

कई लोगों के साथ मारपीट की है। एक बच्ची को खूब डरा और धमकाया भी है। प्रशासन और पुलिस की जिम्मेदारी है कि वे पीड़ित परिवार को अपने कार्रवाई से संतुष्ट करें। उन्हे न्याय दिलाए। विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि परिवार चाहता है कि, इस पूरे मामले की जांच सीबीआई करें। इसके लिए परिवार ने पत्र भी शासन प्रशासन को भेजा है। उन्होंने आगे कहा कि यह बहुत दुखद घटना है। पूरा देश आक्रोशित है। इसमें भाजपाइयों को राजनीति नहीं करना चाहिए। यह राजनीति की बात नहीं है। यह भरोसे की न्याय की बात है। जब पीड़ित परिवार को सीबीआई पर भरोसा है, तो सीबीआई से जांच कराने में क्या परेशानी है।

#### डीजीपी ने कहा अफवाह फैलाने पर होगी कार्रवाई

इधर इसी मामले में विगत दिनों डीजीपी अरुणदेव गौतम ने जिला पुलिस प्रशासन से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी दी थी। उन्होने आईजी-एसपी समेत अफसरों की बैठक लेकर इस केस और कार्रवाई का बारीक विश्लेषण किया था। उन्होने कहा लोग घटना की अनजाने में ही व्याख्या करके हालात को और संवेदनशील बनाने में लगे हैं। बच्ची की डेडबाडी की स्थिति पर बात की जा रही है। लोग भले ही बेहद दुखी होकर ऐसा कर रहे हैं, लेकिन यह ब्योरा प्रदेशभर के तमाम बच्चियों के पैरेंट्स को और बेचैन कर रहा है। ऐसी चर्चाएं बेरहमी का शिकार हुई, मासूम के साथ भी अन्याय मानी जा रही हैं और सभ्य समाज में यह बिलकुल भी स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होने पुलिस प्रशासन को ऐसा ब्योरा देने वाली चर्चाओं को रोकने के निर्देश दिए है। इसके बाद आला अफसरों ने निर्देश दिए हैं कि, वारदात के विवरण और मिलती-जुलती बातों पर उन चर्चाओं-अफवाहों को रोकना है, जो किसी भी स्तर पर पुष्ट नहीं हैं। मासूम के मामले में अपुष्ट चर्चाएं तथा किसी का पक्ष लिए बिना अपमानजनक अफवाहें फैलाने वालों से पुलिस अब कानूनी दायरे में सही, लेकिन सख्ती से निपटने की तैयारी में है।

### आंध्रप्रदेश गए परिवार के मकान में चोरी

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने लाखों रुपए का सोने चांदी के जेवरात और नगदी रकम पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 35 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि रिसाली सेक्टर भिलाई निवासी बेहरा दीनबंधु सेवानिवृत्त कर्मी है। 6 अप्रैल की शाम मकान में ताला जड़कर परिवार समेत गृह ग्राम आंध्र प्रदेश गया था। पडोसी उमाशंकर साहू फोन कर मकान का ताला टूटने की जानकारी फोन पर दी। सुबह देखने पर ताला टुटा पड़ा मिला। मकान के आलमारी से अज्ञात ने नेकलेस 23 ग्राम सोना का, अंगूठी 6 ग्राम, चांदी की मूर्ति समेत नगदी रकम 15 हजार गायब हो गया है। चोरी हुए सामानों की कीम करीब 1 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस में शिकायत करने के बाद आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला जा रहा है।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

खबर संक्षेप



## शिविर में 200 लोगों ने किया रक्तदान

**दुर्ग।** भगवान महावीर के 2624 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर डोनेट थोड़ा सा, महावीर जन्म कल्याण महोत्सव समिति, सेवक जन फाउंडेशन, अविश डुकॉम व नव दृष्टि फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 200 लोगों ने रक्तदान किया। सुबह से ही लोगों में रक्तदान हेतु उत्साह देखा जा रहा था एवं बड़ी संख्या में स्त्री एवं पुरुष गवली पारा स्थित वर्धमान भवन पहुंचकर रक्तदान कर रहे थे। अभिजीत पारख ने बताया कि यह सभी एनजीओ ने साथ में मिलकर यह रक्तदान शिविर सफल किया। लगातार 4 साल से जैन समाज में संदेश दे रहे हैं कि रक्तदान सबसे महान है। कार्यक्रम में रितेश जैन, सपन जैन, केसर गुप्ता, सुरेश जैन, चेतन जैन, मुकेश राठी, विकास जायसवाल, रुपल गुप्ता, नेहा शर्मा, आरती यादव, नवीन संचेती, राज आढ़तिया, भास्कर विश्वकर्मा और नीलेश पारख का सहयोग रहा।

## कसारीडीह में पोषण पखवाड़ा का आयोजन

**दुर्ग।** दुर्ग शहरी परियोजना अंतर्गत सेक्टर कसारीडीह के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को उचित पोषण, स्तनपान और नवजात शिशु की देखभाल के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को उचित खानपान व स्तनपान के विषय में जानकारी दी। इसके अंतर्गत उन्होंने महिलाओं को तिरंगा भोजन थाली का महत्व, आयरन और कैल्शियम की दवा का नियमित सेवन, फल, सब्जियां, भाजियों का उपयोग के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने नवजात शिशु की देखभाल स्वच्छता, नियमित टीकाकरण और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने एवं स्तनपान से जुड़ी सामान्य समस्याओं दूध की कमी, शिशु का दूध न पीना एवं स्तन में दर्द जैसी परिस्थितियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### जारी है प्रशासन की कवायद: चार दिन में प्रदेशभर में 677462 आवेदन आए सामने

# पौने सात लाख लोगों ने सुराज अभियान में रखी अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

छग शासन द्वारा विगत आठ अप्रैल से शुरू किए गए सुशासन तिहार में अब तक पौने सात लाख से अधिक आवेदन सामने आने से अफसरों के पसीने छूट गए है। इस अभियान में सबसे ज्यादा लोगों ने प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, राशन कार्ड और पेंशन देने गुहार लगाई हैं। आवेदनों के मिलने के बाद अफसर इसे आनलाइन एंट्री करने में जूट गए है।

यह आंकडे अंतिम दिन के सामने आए है। हांलाकि देर रात एंट्री के बाद आगे आंकडे और भी बढेगें। शुक्रवार देर शाम तक प्रदेशभर में 648606 मांग और .6261 शिकायत आए हैं। ग्रामीणों ने शहर के लोगों को मांग और शिकायतों वाले इस तिहार में पीछे छोड दिया है। गांव में ही जहां सिर्फ मांग के पौने तीन लाख आवेदन आए हैं, वहीं शिकायत के सिर्फ पांच हजार आवेदन दिए है। ग्रामीणों ने मांग और शिकायत की पेटी और आनलाइन के जरिए भी गुहार लगाई हैं। जानकारी अनुसार प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के 163908 आवेदन, उज्जवला योजना 18612 राशन कार्ड 14106 सामाजिक सुरक्षा पेंशन 9538 वृध्दावस्था सहायता 5138 पेजयल 13361 हैंडपंप 5098 सीमांकन और नामांतरण 3019 भूमि सुधार 3829 ट्रांसफार्मर व खंबा 3768 स्वच्छता 3389 और रोड निर्माण के लिए 2928 आवेदन सामने आए हैं। प्रदेशभर के 33 जिलों से 656381आवेदन आए है।

**आवेदनों को आनलाइन करने के बाद शुरु होगी निराकरण की प्रक्रिया**

**खास बातें**

- आवेदनों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है
- देर रात तक जारी रही ऑन लाईन की प्रक्रिया
- शिकायत पेटियों में समस्याओं का लगा अंबार
- मुख्यमंत्री साय कर रहे मानिटरिंग



### शहर में भी डिमांड की संख्या अधिक

प्रदेश के ग्रामीण इलाको में 378878 मांग आए है, वही शिकायत के 6522आवेदन हैं। इस तरह कुल 385400 आवेदन आए हैं। जबकि प्रदेश के नगरीय निकायों में 57837 आवेदन मांग और शिकायत के आए है। इसमें 20506 लोगों ने आनलाइन मांग और शिकायत दर्ज कराई है। हांलाकि ग्रामीण से शहर में आवेदनों की संख्या कम रही।

### 30 मई तक करेंगे सामाधान

सामाधान पेटी के जरिए विगत आठ से 11 अप्रैल पांच बजे तक आवेदन लिए गए। वही 12 अप्रैल से अब प्राप्त आवेदनों की आनलाइन एंट्री कर विभागों को फारवर्ड किया जाएगा। जिसका तीस अप्रैल तक निराकरण करना है, वहीं पांच मई से 31 मई तक शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां आवेदको को उनके समस्या की सुलझने की जानकारी दी जाएगी।

### सबसे ज्यादा रायपुर दूसरा बिलासपुर फिर दुर्ग

जानकारी अनुसार आखिरी दिन 11 अप्रैल तक प्रदेश के बालोद 13512, बलौदाबाजार 40152, बलरामपुर 9293, बस्तर 15942, बेमेतरा 13385, बीजापुर 1957, बिलासपुर 63853, दंतेवाडा 4178, धमतरी 33816, दुर्ग 40 हजार, गरियाबंद 30097, गौरेला पेंड्री मरवाही 4630, जांजगीर चांपा 25548, जशपुर 9518, कबीरधाम 10911, खैरागढ छुईखदान गंडई 10631, कोंडागांव 5212, कोरबा 13722, कोरिया 3124, महासमुंद 39296, मनेन्द्रगढ चिरमिरी 3007, मोहला मानपुर अंबागढ चौकी 12872, मुंगेली 12908, नारायणपुर 3401, रायगढ 38852, रायपुर 131989, राजनांदगांव 17515 सक्ति 12390, सारंगढ बिलाईगढ 7358, सुकमा 7354, सूरजपुर 11594, सरगुजा 15051, कांकेर 5235 आवेदन हैं।

## पीड़ित परिवार से मिले विधायक गजेन्द्र, कहा- सरकार आपके साथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग



रामनवमी के दिन 6 वर्ष की बच्ची के साथ हुए जघन्य अपराध की विधायक गजेन्द्र यादव निंदा की है। कहा कि, उरला में मासूम बच्ची के साथ हुई अमानवीय घटना समाज को झकझोर देने वाली है। उन्होने पीड़ति परिवार के निवास पहुंचकर ढाढस बँधाया और उन्हें विश्वास दिलाया की सरकार और प्रशासन की संवेदनाएं उनके साथ है। न्याय जरूर मिलेगा। मानवता को कलंकित करने वाले अपराधी को त्वरित रूप से कठोरतम के कठोरतम सजा मिले इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गए हैं। पीड़ति परिवार को घटना में न्याय दिलाने और ऐसे जघन्य अपराध करने वाले अपराधी की गिरफ्तारी करने निर्देश दिए है।

## जिले के शिक्षकों को मिलेगा विशेष अर्जित अवकाश का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

जिले के शिक्षकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश 2024 में लोकसभा चुनाव के चलते मुख्यालय नहीं छोड़.पाने के बदले में विशेष अर्जित अवकाश सेवा पुस्तिका में जोड़ने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने विगत दिनों प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय एवं जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग को ज्ञापन सौंप कर विशेष अर्जित अवकाश सेवा पुस्तिका में जोड़ने के लिए तथ्यात्मक ढंग से मांग रखी थी। इस संबंध में आदेश जारी होने पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन दुर्ग के जिला उपाध्यक्ष कमल वैष्णव ने खुशी व्यक्त करते हुए जानकारी दी की इस आदेश से जिले के शिक्षकों को 15 दिन का अतिरिक्त अर्जित अवकाश का लाभ मिलेगा जो 20 साल बाद सेवानिवृत्ति के समय अर्जित अवकाश के नगदीकरण के समय बड़ा आर्थिक लाभ साबित होगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी इस आदेश से छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी जयंत यादव, सरस्वती गिरिया, वीरेंद्र वर्मा, घनश्याम देवांगन, प्यारेलाल नेताम, संजय चन्द्राकर, सालिकराम ठाकुर, मदन साटकर, किशन देशमुख, अमीता हरमुख, चम्पा नानक, राजेश चंद्राकर, शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

- डीईओ ने बीएलओ को जारी किया आदेश

## एमआईसी ने तय किया करदाताओं को मिलेगी जून तक 6 फीसदी छूट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग



नगर पालिक निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में आयोजित में विस्तार से प्रस्ताव पर चर्चा की। जिसमे विकास कार्यो सहित अन्य से जुड़े 9 एजेंडों पर चर्चा हुई। इस बैठक में राजस्व वसूली को लेकर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 1 से लेकर 60 तक के करदाताओं द्वारा अपने चालू वित्तीय वर्ष का संपत्तिकर पूर्व में जमा करने पर वर्ष 24/25 की भांति छूट की माँग, इस वर्ष 2025/26 में भी संपत्तिकर जमा करने पर छूट अप्रैल से जून तक 6% जुलाई से सितंबर तक 4% अक्टूबर से दिसम्बर तक 2% छूट देने का निर्णय लिया गया।

वहीं उपादान राशि निगम सावधि जमा राशि के ब्याज से भुगतान की स्वीकृति दी गई। वहीं वार्ड 7 मान होटल से हरनाबांधा रोड़ में नाला निर्माण कार्य हेतु लागत राशि रू. 41.17 लाख 15वें वित्त आयोग मद स्वीकृत किए गए। नया बस स्टेंट स्थित रेन बसेरा संचालन हेतु निगम द्वारा प्राप्त निविदा को एमआईसी प्रभारी द्वारा भौतिक सत्यापन के पश्चयात निर्णय लिया जाएगा। जलकार्य विभाग द्वारा पेयजल शुद्धिकरण हेतु 11,24,42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में 500 मैट्रिक टन का एलम खरीदने हेतु अनुमानित राशि स्वीकृति दी गई।

## घटना में घायल मरीजों से मिलने पहुंचे नेता



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

शुक्रवार की सुबह महराजा चौक में एक कार के चपेट में आने से रिक्शा सवार आधा दर्जन सफाई कर्मी घायल हो गए थे। जिन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया गया था। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक गजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक अरूण वोरा और पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल मिलने पहुंचे थे।

## केंवट समाज का वार्षिक अधिवेशन कल, शामिल होंगे केन्द्रीय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज दुर्ग जिला संगठन का 44वां वार्षिक सम्मेलन 13 अप्रैल 2025 को नगपुरा परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मड़ियापार जिला दुर्ग में भगवान रामचंन्द्र एवं महाराज गुहा निषाद राज की असीम कृपा से निषाद केवट समाज का दुर्ग जिला वार्षिक सम्मेलन आयोजन सुनिश्चित हुआ है। जिसमें बिरेन्द्र कुमार निषाद जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ने बताया कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर मछुआरा समाज के सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे एवं पूरे जिले के सभी तहसील परिक्षेत्र पचगैहा गांव प्रमुख लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम में 11 जोड़ों का आदर्श विवाह किया जाएगा, पश्चात वार्षिक आय-व्यय की जानकारी जिला के कोषाध्यक्ष द्वारा दी जाएगी। मेघावी छात्र छात्राओं का तथा खेल कला शिक्षण संगीत अन्य विधा में विशेष उपलब्धि प्राप्त प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जाएगा। समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 12 बजे होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राज भूषण चौधरी निषाद केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री भारत सरकार होंगे। इसके अलावा प्रमुख अतिथि साध्वी निरंजन ज्योति पूर्व केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्योग ग्रामीण विकास राज्यमंत्री भारत सरकार एवं विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन करेंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज प्रदेश अध्यक्ष एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद करेंगे।

- केवट समाज का रविवार को नगपुरा में वार्षिक सम्मेलन



## खबर संक्षेप



### चिंगरी में सुशासन तिहार मनाया

**अंडा।** ग्राम पंचायत चिंगरी में सुशासन तिहार में समस्या का समाधान कराने गांव-गांव में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री आवास, पेयजल, भूमि संबंधी, स्ट्रीट लाइट, राशन कार्ड आदि जिससे गांव में मूलभूत सुविधा का लाभ ग्रामीणजन ले सके। सुशासन तिहार में जनपद सदस्य बेला यादव, सरपंच पुष्पा वाघमारे, उपसरपंच भूषण देशमुख, पंच लक्ष्मण यादव, ज्योति साहू, राजेश देशमुख, पंकज देशमुख, टामीन, दिनेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।

### अतुल ने केंद्रीय खान मंत्री रेड्डी से की मुलाकात



**भिलाई।** भिलाई कैन डू पर्वत फाउंडेशन के अध्यक्ष व प्रदेश भाजपा नेता अतुल पर्वत ने शुक्रवार को सुबह रायपुर पहुंच केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री भारत सरकार किशन रेड्डी से सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद लिया व कुशलक्षेम जाना। इसके साथ ही मंत्री से कई सामाजिक धार्मिक विषयों पर चर्चा की । इस अवसर पर तेलुगू समाज से गिरि नायडू व धार्मिक गुरु राजीव लोचन दास, संतोष सिंह भी उपस्थित थे।

## निधन

### बाबूराय बंजारे



**अंडा।** ग्राम चिंगरी निवासी बाबूराय बंजारे का निधन 11 अप्रैल को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 12 अप्रैल को गांव के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे नरेश बंजारे के पिता थे।

### सुरेंद्र प्रताप सिंह



**भिलाई।** एमआईजी 1/330 हुडको भिलाई निवासी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी सुरेंद्र प्रताप सिंह का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान हुडको से दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अनुराग सिंह के पिता थे।

### मंगला बेन



**भिलाई।** वैशाली नगर निवासी मंगला बेन मनसुख भाई नथवाणी उम्र 81 वर्ष का आकस्मिक निधन 11 अप्रैल को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा वर्तमान निवास स्थान पुराना शिवमंदिर कॉलोनी प्लाट नम्बर एसएमसी-11 से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे बंटी भाई, कान्हा भाई, संजू भाई की मां थीं।

### मधुसूदन अग्रवाल



**भिलाई।** दुर्ग के प्रतिष्ठित व्यवसायी मधुसूदन अग्रवाल का निधन शुक्रवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार दुर्ग में किया गया। वे मनीष, संजय अग्रवाल के पिता एवं श्रीवर्धन, समर के दादा थे।

### बिंदु शर्मा



**भिलाई।** ब्लॉक 2 ए, सड़क 28, सेक्टर 7 निवासी बिंदु शर्मा उम्र 93 वर्ष का निधन 11 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे शिवनाथ मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. गोविंद प्रसार शर्मा मलपुरीखुर्द वाले की पत्नी एवं राजेंद्र, पं. हेमंत शर्मा, अधिवक्ता रमेश शर्मा, योगेश शर्मा व आशा शर्मा की मां थीं।

## नारधी, भोथली और अरमरीखुर्द में मनाई भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव

# माता कर्मा नारी शक्ति का प्रतीक और समाज को संगठित करने में भूमिका अद्वितीय है: जपं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सेलूद

पाटन विकास खंड के ग्राम नारधी में साहू समाज के द्वारा कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांव में कलश यात्रा निकाल कर की गईं, तत्पश्चात भक्त माता कर्मा की आरती की गई। इस दौरान समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि कीर्ति नायक अध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन ने माता कर्मा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता कर्मा नारी शक्ति का प्रतीक है और समाज के संगठन एवं एकता स्थापित करने में उनकी भूमिका अद्वितीय है। उन्होंने समाज को हर संभव सहयोग प्रदान करने की बात कही, साथ ही नीलम राजेश चंद्राकर सभापति जिला पंचायत दुर्ग व पूर्व जनपद सदस्य घनश्याम कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस प्रकार अपने अखंड भक्ति से भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी खिलाई यह उनकी भक्ति हम सभी के लिए आदर्श है और इनसे हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने साहू समाज को बहुत ही संगठित समाज कहा और क्षेत्र मे अधिकांश भागीदारी होने की बात कही। वहीं परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कल्याण साहू ने तैलीय वंश के आदर्श राजिम माता एवं दानवीर भामाशाह के जीवन के बारे में जानकारी देते हुए कहा

### समाज के बुजुर्ग महिला-पुरुषों का किया सम्मान



कि इतिहास में इनके योगदान ने तैलीय वंश को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है और वे आज भी अमर है। कार्यक्रम में स्थानीय समाज के बुजुर्ग महिला-पुरुषों का सम्मान करते हुए कहा कि समाज इनके मार्गदर्शन में निरंतर विकास की ओर अग्रसर होता रहा है। कार्यक्रम का संचालन लोमन सिंह साहू ने किया। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच घनश्याम ठाकुर, उपसरपंच ललित साहू, झीठ परिक्षेत्र के प्रचार सचिव डोमन साहू, पूर्व जनपद सदस्य खेलन साहू, वरिष्ठ भाजपा सदस्य अरविन्द पाल, स्थानीय अध्यक्ष रमेश साहू, उपाध्यक्ष उमाशंकर साहू, महिला उपाध्यक्ष रामेश्वरी साहू, हेमलता साहू, लता साहू, संतोषी साहू, कोषाध्यक्ष चुम्मन साहू , वरिष्ठ सदस्य पीलाराम साहू, लोमन सिंह साहू, कृष्णा साहू, केशव साहू, टीकम साहू, दुष्यंत साहू, तिहारु साहू, मोहन साहू, सूरज साहू, बुधाराम साहू, मदन साहू, वेदांशु साहू, कीर्तन साहू, चिमन साहू, केशव साहू सहित समाज के सभी सदस्य व अन्य समाज के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

### अपने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार और व्यवहार भी सिखाने की जरूरत

**अंडा।** ग्राम भोथली में परिक्षेत्रीय साहू समाज निकुम के तत्वावधान में कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू रहे साथ में पूर्व महिला बाल विकास मंत्री रमशीला साहू, तहसील साहू संघ दुर्ग अध्यक्ष पुसऊ राम साहू, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, क्षेत्रीय जनपद सदस्य दामिनी साहू, संरक्षक तहसील साहू संघ दुर्ग जगदीश दीपक, जनपद सदस्य ढालेश साहू, पूर्व सरपंच रमेश साहू, सरपंच खाड़ा रूदा नंदकुमार साहू, सरपंच भोथली नेमीन खूटेल, अध्यक्ष पुकेश्वर भारदीय महाविद्यालय निकुम, सुरेश साहू, प्रीतम साहू, रुदा परिक्षेत्रीय अध्यक्ष घनश्याम साहू, देवीलाल साहू, मुकेश साहू साथ में भारी संख्या में समाज के पदाधिकारी गण और सभी समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से शुरू हुआ उसके पश्चात मां कर्मा की आरती की गई। मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री साहू ने कहा कि हमें यह जरूरत है कि हम नीचे स्तर पर ग्रामीणजनों से सलाह लेकर ऊपर समाज में नियम बनाए ताकि समाज की जरूरत पता चल सके और समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर कर सके। जनपद सदस्य दामिनी साहू ने कहा कि हम सभी समाज के लोगों को सबको संगठित कर सबको जोड़कर चलना चाहिए और अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और व्यवहार भी सिखाने की जरूरत है।



### माता कर्मा ने सेवा, समर्पण व त्याग के साथ जीवन जीने का संदेश दिया: सांसद

**जामगांव आर।** परिक्षेत्रीय साहू संघ बेल्हारी के तत्वावधान में 1009वीं कर्मा जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम अरमरीखुर्द में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, विशिष्ट अतिथि लालेश्वर साहू, खेमलाल साहू, कल्पना नारद साहू, अजय कुमार साहू, कमलेश साहू, रविशंकर साहू, हरिशंकर साहू, कल्याण साहू, कपूर राम साहू, रेवा राम साहू थे। अध्यक्षता दिनेश कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद विजय बघेल ने भक्त माता कर्मा के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया। वहीं ज्योत क्लश एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। वहीं समाज प्रमुखों को



स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया और समाज के लोगों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं सांसद विजय बघेल ने कहा कि साहू समाज की आराध्य देवी माता कर्मा सेवा, त्याग और भक्ति समर्पण की देवी है। माता कर्मा भगवान जगन्नाथ की अनन्य भक्त थीं। अपने प्रेम और वात्सल्य से भगवान की नित्य सेवा करती थीं और समर्पण का भाव सिखाती है। देश को विश्व स्तर पर ले जाने वाले हमारे गुजरात के साहू समाज से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जिनके नेतृत्व में देश उन्नति कर रहा है। यह साहू समाज के लिए बहुत ही गौरव का विषय है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## समस्याओं का निराकरण करने मनाया जा रहा सुशासन तिहार

**पाटन।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार में पाटन नगर पंचायत में भीड़ उमड़ रही है। पाटन नगर पंचायत के कार्यालय में समाधान पेटी स्थापित की गई है। इस प्रकार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक के आवेदन भर सकते हैं। नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष निक्की भाले ने बताया आवश्यकता अनुसार अपनी समस्याओं और मांगो पर आधारित आवेदन नगर पंचायत पाटन में समाधान पेटी में जाम कर सकते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा सुसासन तिहार 2025 का पाटन नगर पचायत में आयोजन 8 से 11 अप्रैल तक लगाई गई। नगर पंचायत पाटन के सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा ने



बताया कि राज्य एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत से अवगत होने के उद्देश्य से राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। आम जनता की समस्याओं का समाधान करने और शासन की योजनाओं की जानकारी ली जाएगी।

## बिजनेस साइट

### हाइटेक में किडनी की ब्लडलेस सर्जरी, किडनी से बड़ी थी गांठ

**भिलाई।** हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल को 60 वर्षीय एक महिला की जान बचाने में सफलता मिली है। लगभग 300 किलोमीटर दूर एक गांव में रहने वाली महिला को पेट में तेज दर्द के साथ ही मल-मूत्र में खून आ रहा था। जांच में पाया गया कि उनकी दाहिनी किडनी में किडनी से बड़ी एक गांठ थी जो गंदा खून वापस ले जाने वाली नस को दबा रही थी। यूरोलॉजिस्ट एवं ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. नवीन कुमार वैष्णव ने बताया कि महिला को जब अस्पताल लाया गया तो उसकी हालत गंभीर थी। पेशाब के साथ तो खून जा ही रहा था, मलद्वार से भी रक्त का रिसाव हो रहा था। रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्र 6 से भी कम थी। जांच करने पर दाहिनी किडनी में एक बड़ी सी गांठ मिली। इसका आकार किडनी से भी बड़ा था। इसके कारण नस दबी हुई थी और रक्त वापस हृदय को नहीं जा पा रहा था। बड़ी नस पर भी दबाव था और देर करने से मरीज की जान को खतरा हो सकता था। सबसे पहले महिला को रक्त चढ़ाया गया। महिला का गर्भाशय खिसका हुआ था तथा बवासीर की भी शिकायत थी। इसके लिए महिला को स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं जनरल सर्जरी विभाग को रिफर किया गया। डॉ. वैष्णव ने बताया कि यह एक लंबी चलने वाली सर्जरी थी जिसमें 3 घंटे से अधिक का समय लगा। यह एक ब्लड लेस सर्जरी थी जिसमें सर्जरी के दौरान रक्तस्त्राव न के बराबर रहा। सर्जरी के बाद महिला की हालत में तेजी से सुधार आ रहा है। वह खुश है कि वह जानलेवा दर्द अब नहीं रहा। डॉ. वैष्णव ने बताया कि एक दो दिन में उसे छुट्टी दे दी जाएगी ।



## एक करोड़ की लागत से बनेगा हनुमान मंदिर, चल रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। निकुम

कलयुग के प्रमुख देवो में भगवान शिव के रुद्रावतार बजरंगबली को चिरंजीवी माना जाता है। क्योंकि सप्ताह में इनका दिन मंगलवार है, वहीं शनिवार को भी इनकी पूजा-अर्चना होती है। वहीं अद्भुत व सुखद संयोग से चैत्र मास के पूर्णिमा शनिवार को हनुमान जयंती मनाई जाएगी। वहीं निकुम में विराजित साक्षात विराजित हुनमान मंदिर की महिमा का बखान करते हुए हनुमान मंदिर ट्रस्ट निकुम के अध्यक्ष धरमदास साहू ने बताया कि जय कपीस तीनों लोक उजागर अर्थात कि कपीस स्वरुप संकट मोचन हनुमान सबके संकट हर लेते हैं,वही स्वयं मंगलमूर्ति है, सच्चे मन से आराधना पाठ करे तो सबकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। ग्राम निकुम में विराजित श्री दक्षिणमुखी सिध्दपीठ हनुमान मंदिर निकुम में हनुमान जंयती पर्व 12 अप्रैल को धूमधाम से मनेगी। वहीं सुबह सत्यनारायण पूजा, रुद्राभिषेक, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर संध्या को महाआरती होगी। मंदिर परिसर में रामचरित मानसगान, सुंदरकाण्ड का पाठ होगा। वहीं दोपहर 12 बजे श्रीराम नाम भक्तिमय धुन व जय श्रीराम के नारों से शोभा यात्रा निकलेगी। गौर हो कि लगभग एक करोड़ की लागत से मंदिर बनेगी, जिसके लिए बढ़ चढ़कर ग्रामीणजन व श्रद्धालु दान



- निकुम में साक्षात विराजित है सिध्दपीठ हनुमान, पूरी होती है मनोकामना

कर रहे हैं।

इस मंदिर की मान्यता है कि वानर स्वरूप साक्षात हनुमान विराजित है, जिसके मंगल स्वरूप के दर्शन व आराधना से सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो जाती है। प्रत्येक मंगलवार को रामायण पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकाण्ड पाठ, धार्मिक आयोजन सहित प्रत्येक पूर्णिमा को सत्यनारायण की कथा पूजा सहित दोनों पर्व नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योतिकलश स्थापना होती है। वहीं इस गांव की परंपरा के अनुसार किसी भी शुभ कार्यों पर पहला आमंत्रण हनुमान को देते हैं। वहीं इस मंदिर में युवाटीम हेमराज निर्मलकर, भूपेन्द्र सोनी, नारद साहू, दिलीप साहू पत्रकार सहित बड़ी संख्या में युवा प्रत्येक मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं।

### शपथ-पत्र

मैं अकरम कुरेशी पिता श्री हारून कुरेशी उम्र वर्ष, निवासी हाउस नंबर 269, केम्प 2, पुलिस लाईन पावर हाउस भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे एच.डी.एफ.सी. लाईफ इश्योरेस कंपनी के पॉलिसी के पॉलिसी क्रमांक 16998737 मे मेरा नाम SHEIKH AKRAM अंकित है।
3. यह कि मेरे आधारकार्ड नंबर 8326 7181 3702, पेनकार्ड नंबर AWNPA5501F व अन्य दस्तावेजों मे मेरा नाम AKRAM QURESHI अंकित हैं।
4. यह कि, SHEIKH AKRAM व AKRAM QURESHI ये दो अलग-अलग नाम है किन्तु व्यक्ति एक अर्थात् ये दोनो नाम मेरे ही है जो कि मैं स्वयं हूँ, तथा मेरा वास्तविक व सही नाम AKRAM QURESHI है इस नाम से मुझे जाना, पहचाना व जहां पर मेरे नाम की आवश्यकता पड़ती है वहां पर अंकित किया जावें।
5. यह कि उक्त शपथ पत्र मे दी गयी जानकारी सही एवं सत्य है तथा मैंने किसी भी तथ्य को छुपाया नही है एवं भविष्य मे कोई कथन असत्य पायी जाती है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मुझ शपथकर्ता की होगी।
6. यह कि, यह शपथ पत्र मेरे द्वारा दी गई सम्पूर्ण जानकारी के प्रमाण मे माननीय सक्षम प्राधिकारी के समक्ष मेरा सही व मान्य नाम AKRAM QURESHI होने के संबंध मे प्रस्तुत कर रहा हूँ।

अतः शपथ पत्र पेश है।

अकरम कुरेशी
शपथकर्ता

### :: आम सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार अश्वनी कुमार ठाकुर पिता बीरसिंह ठाकुर निवासी - रावणभाठा, जिला दुर्ग (छ.ग.) नोटिसी के मध्य दिनांक-17/05/2023 को एक बिक्रीनामा निष्पादित किया गया था। मेरे पक्षकार के नाम पर ग्राम मलपुरीखुर्द प.ह. नं. 36, तह. अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) में भूमि स्थित है जिसका खसरा नंबर 97/1, रकबा-0.79 हे0 भूमि स्थित है उक्त प्रथम पक्षकार के उक्त ग्राम मलपुरी स्थित भूमि को जेठन टंडन पति बदी निवासी- मलपुरीखुर्द तह. अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) के साथ विक्रय करने का पक्का सौदा 16,70,000/- रू. में दिनांक 17/05/2023 को निष्पादित हुआ था तथा पक्का सौदा बतौर बयाना 1,00,000/- रू. प्रदान किया था तथा उक्त भूमि की रजिस्ट्री इकरारनामा दिनांक से 03 माह के भीतर कराने का हुआ था आपके द्वारा उक्त भूमि की रजिस्ट्री आज दिनांक तक नहीं करवाई गई है जिस हेतु मेरे पक्षकार एवं जेठन टंडन के मध्य हुआ इकरानामा निरस्त हो गया है, तथा जेठन टंडन से मेरे पक्षकार का कोई लेन-देन नहीं रह गया है जिसहेतु आपको रजिस्टर्ड नोटिस मय पावती दिनांक 04/03/2025 को प्रेषित किया गया जिसका जवाब आपके द्वारा नहीं दिया गया है एवं एक आम सूचना दैनिक समाचार पत्र में मेरे पक्षकार द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति निकाय अर्धशासकीय शासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में आकर एक सप्ताह के अंदर संपर्क करें।

"सो सूचना जानें"

स्थान- दुर्ग (छ.ग.)
दिनांक 11/04/2025

भवदीय
चम्पलेश्वर सिन्हा
अधिवक्ता जिला न्यायालव दुर्ग (छ.ग.)
निवासी शहीद भगत सिंह स्कूल के पीछे, सिंधिया नगर दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो.नं. 9329119764, 9589346857

### मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

(व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद क्रमांक Succession 19/25
न्यायालय (श्रीमती कामिनी जायसवाल) तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक- मंजू पिता स्व. रामकुमार
अनावेदक (1) आम जनता (2) अजीत कुमार (3) मनीष कुमार (4) प्रबंध निदेशक बनाम आम जनता (जिसका मृतक से संबंध हो)

क्योंकि वादी/आवेदक ने आपके विरुद्ध धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक, 16 माह 06 सन् 2025 को सुबह 11 बजे स्वयं वा ऐसे किसी प्लीडर /अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 02/04/25 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(श्रीमती कामिनी जायसवाल)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)

## अंचल की खबरें

### सुशासन तिहार में शराब दुकान नहीं खोलने की मांग



**सेलूद।** ग्राम पंचायत सेलूद के सारपंच खिलेश बबलू मारकंडे, उपसरपंच राकेश डब्बु साहू सहित ग्रामवासियों ने सेलूद में शराब दुकान नहीं खोलने की मांग आबकारी विभाग को सुशासन तिहार के माध्यम से आवेदन लगाकर किया है। इस अवसर पर सरपंच खिलेश मारकंडे ने कहा कि ग्राम सेलूद राजनीतिक रूप से जागरूक गांव हैं। यहां के दर्जनों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश की आजादी में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे पवित्र भूमि में शराब दुकान नहीं खुलनी चाहिए। इससे गांव में अपराध की संख्या बढ़ेगी और सहज सुलभ रूप से उपलब्ध हो जाने पर कम उम्र के बच्चे भी शराब पीना शुरु कर देंगे। इसलिए ग्राम पंचायत सेलूद व सेलूद के समस्त ग्रामवासियों की ओर से सरकार व विभाग से मांग की है कि सेलूद में शराब दुकान नहीं खुलनी चाहिए।

### अंजोरा व रसमड़ा में पोषण पखवाड़ा का आयोजन




**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंजोरा व रसमड़ा में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. निशा शर्मा कृषि वैज्ञानिक अंजोरा द्वारा मिलेटस के उपयोगिता पर जानकारी दिया गया एवं उसके उपयोग के लिए रेसिपी भी बताया गया। बच्चों के प्रथम 1000 दिवस पर चर्चा की गई। अन्नप्राशन कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य संगीता साहू, सरपंच संतोष सारथी, उपसरपंच माखन साहू, वार्ड पंच करण वैष्णव एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। पोषण मिशन अंतर्गत परियोजना दुर्ग ग्रामीण के सेक्टर रसमड़ा के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा के दूसरे दिन आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष सुपोषण चौपाल का आयोजन कर गोद भराई, अन्नप्राशन एवं स्वस्थ शिशुवती को पोषण खजानी देकर सम्मानित किया गया। 6 माह पूर्ण किए बच्चों की माता को पर्याप्त एवं उचित ऊपरी आहार के संबंध में जानकारी दी गई। सुनहरे 1000 दिवस को समझाया गया, व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए हाथ धुलाई का प्रदर्शन किया गया। गर्भवती और पालकों को पोषण संबंधी जानकारी दी गई। गर्भवती एवं कुपोषित बच्चों के घर गृहभेट कर पोषण खजानी एवं पोषण चार्ट को देखा गया। गर्भवती महिलाओं की वजन चेक किया गया। कार्यकर्ताओं द्वारा गृहभेट कर हितग्राही को पोषण जागरुकता संबंधी जानकारी दी गई।

### रैली व संगोष्ठी कर पोषण पखवाड़ा की दी जानकारी



**उतई।** पोषण एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 अप्रैल से पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में परियोजना दुर्ग ग्रामीण के प्रत्येक पंचायत में पोषण रैली एवं पोषण संगोष्ठी कर पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक चलने वाले पोषण पखवाड़ा में प्रतिदिन पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी अनेक गतिविधियां का आयोजन किया जाना है। सेक्टर हनोदा के ग्राम पंचायत पुरई एवं पाऊवारा में परियोजना अधिकारी उषा झा, पर्यवेक्षक सोनल सोनी की उपस्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं और बच्चों के साथ पोषण रैली निकालकर शुभारंभ किया गया। पोषण खजानी अंतर्गत रेडी टू इट के विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाने, आसानी से उपलब्ध और पौष्टिकता से भरपूर फूटा चना और गुड़ को नियमित सेवन करने, भीगा मूंग, चना और फल्ली को रोज के आहार में शामिल करने बताया गया। आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता टिलेश्वरी साहू, कुंजलता साहू, नेहा साहू, मितानिन, ग्रामीण महिलाएं और बच्चे उपस्थित थे।

### बच्चों का वजन और ऊंचाई का किया मापन



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंदखुरी में पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का वजन एवं ऊंचाई का मापन किया गया। जिसमें सेम बच्चों की पोषण ट्रैकर में चिन्हांकित किया गया और गर्भवती माताओं एवं शिशुवती माताओं को 1000 दिवस पर चर्चा किया गया और गर्भावस्था से लेकर प्रसव पूर्व तैयारी एवं साफ-सफाई के बारे में मितानिन विमला देशमुख द्वारा जानकारी दी गई। वहीं स्वास्थ्य कार्यकर्ता जनक पटेल और मानसी चंद्राकर द्वारा जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत चंदखुरी में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6 कार्यकर्ता द्वारा बच्चों का वजन एवं ऊंचाई का मापन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता चंद्राकर, गजेश्वरी साहू, रेखा देवांगन, हिमानी देवांगन, लता देशमुख, चंपा देशमुख द्वारा पोषण पखवाड़ा दिवस मनाया गया।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भिलाई इस्पात संयंत्र और अक्षय पात्र फाउंडेशन भिलाई के बीच हुआ एमओयू

## समझौता से दुर्ग जिला के 25 हजार स्कूली विद्यार्थियों को होगी मध्यान्ह भोजन की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग और अक्षय पात्र फाउंडेशन (टीएपीएफ) के बीच मध्यान्ह भोजन आपूर्ति के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष(टीएपीएफ) व्योमपाद दासा ने अक्षय पात्र फाउंडेशन की ओर से इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर महाप्रबंधक शिवराजन, उप-महाप्रबंधक राजीव कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक एसके कामड़े भी उपस्थित थे। इस नवीनीकृत समझौते के अंतर्गत दुर्ग जिले के सरकारी प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों में अध्ययनरत लगभग



25 हजार बच्चों को प्रतिदिन पोषक मध्याह्न भोजन प्रदान किया जाएगा। बीएसपी और टीएपीएफ के मध्य यह समझौता 31 मार्च 2028 तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि के दौरान बीएसपी का निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग वार्षिक लगभग 2 करोड़ रुपए का सहयोग प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व वर्षों में भी भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आधुनिक रसोईघर निर्माण तथा भोजन आपूर्ति हेतु विशेष रूप से वाहन क्रय करने में सहायता अक्षय पात्र फाउंडेशन को प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना, जिसे पूर्व में मध्याह्न भोजन योजना के रूप में जाना जाता था, एक केंद्र प्रायोजित पहल है, जिसके अंतर्गत सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में बालवाटिका से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों को निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाता है। अक्षय पात्र फाउंडेशन भारतीय ट्रस्ट अधिनियम के अंतर्गत गठित एक गैर-लाभकारी ट्रस्ट है। यह फाउंडेशन वर्ष 2008 से भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से सेक्टर-6, भिलाई स्थित ओल्ड डेयरी बिल्डिंग से मध्यान्ह भोजन योजना संचालित कर रहा है। पूर्व से ही सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विशेषकर दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में बच्चों में पोषण सुनिश्चित करने की दिशा में गिफ्ट-मिल्क स्कीम आदि जैसे कई पहल किये गए हैं, जिससे शिक्षा में उनकी नियमितता और एकाग्रता को भी बढ़ावा मिले। यह प्रयास सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**खबर संक्षेप**

### च्वाइस सेंटर संचालक ने की बुजुर्ग से ठगी

**भिलाई।** बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारी के साथ च्वाइस सेंटर के संचालक द्वारा ठगी करने का मामला सामने आया है। फरियादी ने घटना की लिखित में शिकायत छावनी पुलिस से की है। रविदास दास नगर कैम्प 2 निवासी भजन



सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा है कि एसबीआई कैम्प 2 के पास च्वाइस सेंटर संचालित है। जिसका मालिक सुनील कुमार है। सुनील ने वृद्ध को झांसे में लेकर एक लाख रुपए जमा करने पर प्रतिमाह 1500 रुपए ब्याज देने की बात कही थी।

एक लाख रुपए जमा करने के बाद दो माह तक रकम निकालकर भी दी गई। उसके बाद सुनील ने रकम देना बंद कर दिया। इससे परेशान होकर भजन सिंह ने लगातार उसे फोन किए तो उसने 10-10 हजार कर कुल 40 हजार रुपए लौटा दिए।

लेकिन 60 हजार रुपए अब तक च्वाइस सेंटर संचालक सुनील ने नहीं लौटाए हैं। भजन सिंह की उम्र 75 साल है। वह अपनी बेटी पर आश्रित है। इनका भरण पोषण करने वाला कोई नहीं है। भजन सिंह ने बताया कि छावनी पुलिस ने बिना बयान के पुलिस हस्तक्षेप अयोग्य अपराध कायम किया है। जबकि उनका बयान तक पुलिस ने नहीं लिया है।

भिलाई-चरोदा नगर निगम का है मामला


# 10 वर्षों से अधूरी पड़ी जलावर्धन योजना, 20 हजार लोग प्यासे, शो-पीस बनी 17 लाख की पानी टंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा के तीन वार्डों में पिछले 10 वर्ष से 20 हजार की आबादी पेयजल संकट से जूझ रही है।हालात यह है कि हर वर्ष जनता पेयजल संकट की समस्या की गुहार अफसर से लेकर पार्षद से लगाती है। लेकिन उसके बाद भी पेयजल की समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। उधर भिलाई-चरोदा निगम के अधिकारियों ने जलावर्धन योजना के तहत 17 लाख रुपए की लागत से टंकी का निर्माण रेलवे क्षेत्र में उनके विभाग से एनओसी लिए बिना कर दिया। जिसके बाद रेलवे विभाग ने आपत्ति लेकर काम रुकवा दिया। इस वजह से भी वहां पेयजल की समस्या का निराकरण नहीं हो सका है। हालात यह है कि वर्ष 2015 में शुरू हुई जलावर्धन योजना आज तक पूरी नहीं हुई है। वहीं जनता गर्मी के दिनों में उनकी प्यास बुझाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रही है। लेकिन उसके बाद भी जनता को पानी के संकट से निजात नहीं मिल पाई है।

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में गर्मी के दौरान पेयजल समस्या की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही है। इसको लेकर जलावर्धन योजना की भी पोल खुल गई है। यहां के तीन वार्ड 31, 32 व 33 में सागर पारा, बस्ती वार्ड, शिवमंदिर वार्ड के लोगों को हर वर्ष गर्मी में पेयजल के लिए तरसना पड़ता है। भिलाई-चरोदा निगम के अधिकारियों की लापरवाही का हरजाना तीनों वार्ड के रहवासियों को भुगतना पड़ा रहा है। जलावर्धन योजना के लिए रेलवे क्षेत्र में 17 लाख रुपए की टंकी का निर्माण किया गया। लेकिन रेलवे विभाग की बिना एनओसी के निर्माण किया जा रहा था। रेलवे अफसरों ने आपत्ति लेकर काम बंद करा दिया। उस समय से लेकर अब तक पेयजल की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। वार्ड पार्षद समेत कई जनप्रतिनिधियों ने रेलवे डीआरएम दफ्तर के चक्कर काटे पर पेयजल की समस्या दूर नहीं हो पाई। अब जब पेयजल समस्या को दूर करने निगम कार्यालय वार्ड के रहवासी और पार्षद पहुंचते हैं, तो उन्हें दूसरे जगह पर नई टंकी निर्माण करने स्थल चयन करने की बात कहकर लौटा दिया जाता है। जल आवर्धन का काम 40 वार्डों में पूरी तरह फेल हो चुका है। इसके बाद भी देवबलौदा में नई टंकी के निर्माण को लेकर अब तक किसी भी प्रकार की सुगबुगाहट नहीं होने से वार्ड के रहवासियों में आक्रोश है। भिलाई-चरोदा में कुल 14 टंकी बननी थी, लेकिन 13 ही बन पाई। देवबलौदा के लोग पेयजल के लिए सिरसा वार्ड के भरोसे रहना पड़ रहा है।

**सागर पारा, शिव मंदिर, बस्ती वार्ड**



**फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| तीनों वार्डों की जनसंख्या | 20 हजार |
| मतदाता | 8 हजार |
| जलावर्धन योजना | 2015 में शुरू हुई |

### योजना पूरी होने से लोगों को होगी सुविधा



भिलाई-चरोदा जल आवर्धन योजना का काम वर्ष 2015 में शुरू हुआ था। लेकिन इसे पूर्ण दिसंबर 2016 तक किया जाना था। दस साल बीतने के बाद भी योजना दम तोड़ती दिख रही है। अब तक योजना का काम अधूरा पड़ा हुआ है। काम कुछ वार्डों में पूरा हुआ, मगर पेयजल समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल पाई है। भिलाई तीन स्थित विश्व बैंक कालोनी, इंदिरा पारा, शांति नगर, नेहरू नगर, गांधी नगर, आजाद चौक, देवबलौदा समेत चरोदा शहरी क्षेत्र के कुछ वार्डों में पानी की परेशानी हमेशा हुआ करती है। निजी व सार्वजनिक नलों की धार या तो पूरी सूख चुकी है। वहीं गर्मी की दस्तक के साथ ही भू-जल स्तर भी नीचे चला गया है। वहीं जनता अपनी प्यास बुझाने को लेकर हर रोज सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रही है।

### पेयजल समस्या है



“ टंकी का निर्माण होना था । इसे रेलवे विभाग ने रोक दिया है। वार्ड के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के समय पेयजल के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। अभी भी पानी की समस्या बनी हुई है।

**भारती सूर्यवंशी,** पार्षद, भिलाई-चरोदा निगम देवबलौदा वार्ड 31

बीएसपी ओए की पहल

# सेवानिवृत्त अधिकारियों को मिलेंगे ईक्यू-1 आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त अधिकारियों को अब प्रबंधन द्वारा आवास लायसेंस योजना के तहत ईक्यू -1 ( सी टाइप93) क्वार्टर आबंटित होंगे । इसके लिए बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन (ओए) द्वारा प्रयास किया जा रहा था। ओए ने मांग पूरी होने पर प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है। साथ ही मांग की है कि अन्य श्रेणी के खाली मकानों को भी सेवानिवृत्त कार्मिकों को आवास लाइसेंस के तहत आबंटित किया है। ताकि बीएसपी के आवासों को अवैध कब्जे से बचाया जा सके।



- ओए ने अन्य श्रेणी के खाली मकानों को सेवानिवृत्त कार्मिकों को आवास लाइसेंस के तहत आवंटित

ओए के अध्यक्ष एनके बंछोर ने बताया कि ओए हमेशा ही टाउनशिप में खाली मकानों पर हो रहे कब्जों से निजात पाने के लिए बीएसपी प्रबंधन, सेल प्रबंधन व इस्पात मंत्रालय से सेवानिवृत्त कार्मिकों को टाउनशिप में कुछ मकानों को लाइसेंस में देने के लिए चर्चा करता रहा है। अभी तक सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए लाइसेंस पर मकान नहीं दिये गये हैं। ईक्यू-01 श्रेणी के एवं उससे कम श्रेणी के मकानों को सेवानिवृत्त अधिकारियों को लाईसेंस में देने के लिए पिछले कुछ वर्षों से लगातार प्रयास कर रहा है। मार्च में हुई बैठक में बीएसपी प्रबंधन ने ओए के इस आग्रह को संज्ञान में लेते हुए ईक्यू-1 श्रेणी के कुछ मकानों को लाइसेंस में दिये जाने के लिए अपनी सहमति प्रदान की थी।

### आवास लाइसेंस की पात्रता

श्री बंछोर ने बताया कि इसी सहमति के तहत बीएसपी के नियमन अनुभाग ने एक परिपत्र जारी कर कार्यपालक वर्ग के लिए लाईसेंस योजना के तहत ई.क्यू-1 (सी 3 टाइप) आवास को चिन्हित कर आबंटित करने का परिपत्र जारी किया है। इस परिपत्र के तहत बीएसपी के कार्यपालक के लिए पात्रता निर्धारित की गई है। इसके तहत आगामी 2 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालक या इस योजना के लागू होने की तारीख से 3 वर्ष के भीतर सेवानिवृत्त हुए कार्यपालक या ईएफबीएस लाभार्थी, जिनके नाम पर आवास आबंटित है और जिनकी ईएफबीएस की अवधि आगामी 2 माह में समाप्त हो रही है या अवधि समाप्त हो चुकी है, उन्हें पात्रता प्रदान की गई है। इस योजना की सुरक्षा निधि सी-3 टाइप के आवासों के लिए 10 लाख रूपये होगी।

न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने किया

# तीन साल पहले इंजीनियरिंग छात्र की मौत के मामले में हत्या का अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

तीन साल पहले हुए इंजीनियरिंग छात्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत मामले में पुलिस ने हत्या का अपराध कायम किया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 302 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

- अज्ञात के खिलाफ हुई कार्रवाई, पिता ने लगाया था परिवाद

स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि स्मृति नगर निवासी अनुराग साहू शंकाराचार्य इंजीनियरिंग कालेज का छात्र था। 1 जनवरी 2022 को उसके दोस्त के ग्रीनवैली जुनवानी में स्थित फ्लैट 35, डी-2, ब्लाक के पाँचवे मंजिल में संदिग्ध परिस्थितियों मौत हुई थी। पीएम रिपोर्ट में अनुराग के शव में गले, पेट के कुछ हिस्से, पेट के दाहिने हिस्सा दोनों कंधों के सामने हिस्से में खून का जमना और सिर में गंभीर चोट, फ्रेक्चर होना अंकित किया था। बावजूद पुलिस ने सामान्य मामला बनाकर फाइल बंद कर दिया था। लेकिन परेशान पिता राजनांदगांव निवासी विरेन्द्र कुमार साहू ने अनुराग के मौत को लेकर न्यायालय दुर्ग में परिवाद पेश किया। इस दौरान न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट श्वेता पटेल प्रथम श्रेणी दुर्ग ने परिवाद स्वीकार किया। पिता ने परिवाद में जिला बालोद निवासी कुमारी आभा चौधरी , साकेत चौधरी , ईश्वर कुमार साहू , पवन कुमार साहू, पुलिस हाउसिंग बोर्ड मकान नं.-सी0/6, राजनांदगांव दुर्गेश कोरोनिक, प्रीति नगर वार्ड 3 बागबाहरा जिला महासमुंद समीर मुजारे, ग्राम बुडेना, पो0-नवागढ़ जिला-जांजगीर चांपा अविनाश रत्नाकर को संदिग्ध माना है। स्मृति नगर चौकी प्रभारी गुरविंदर संधु ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का अपराध कायम किया गया है। संदिग्धो दोस्तों से पुलिस पूछताछ करेगी। उसके पिता ने सात लोगों को संदिग्ध माना है। जांच करने के बाद ही अनुराग की हत्या किसने किया है। वह पता चल पाएगा। अभी फिलहाल अज्ञात पर कार्रवाई की गई है। जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# कलेक्टर ने किया सुशासन तिहार शिविर का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा कार्यालय में गुरूवार को जिलाधीश दुर्ग अभिजीत सिंह दौरा में पहुंचे। कलेक्टर ने निगम कार्यालय में चल रहे सुशासन तिहार शिविर का अवलोकन कर कर्मचारियों से प्राप्त होने वाले आवेदनों की जानकारी ली और आवेदकों से बातचीत भी किया। इसके बाद जिलाधीश ने निगम आयुक्त डी एस राजपूत एवं उनकी की टीम के साथ प्रधानमंत्री आवास ए.एच.पी. विठ्ठल पुरम, उमदा ,बिजली नगर भिलाई तीन के राजीव पारा स्लम का भी निरीक्षण किया।

- ट्रांसपोर्ट नगर फेस 2 भी पहुंचे

कलेक्टर दुर्ग ने ट्रांसपोर्ट नगर फेस-2 भी पहुंचे थे। जहां निगम के अधिकारी को जिलाधीश द्वारा आगामी कार्य योजना के लिए निर्देश दिया। मौके पर भिलाई तीन एसडीएम. महेश सिंह राजपूत, निगम आयुक्त डीएस राजपूत, कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद थवानी मौजूद थे।

# तेज रफ्तार कार ने ऑटो को टक्कर मारी, महिला सफाई कर्मी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में आठ सफाई कर्मी महिलाएं और ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल दुर्ग में उपचार के लिए भेजा है। घायलों में चार की हालत गंभीर होना बताया जा रहा है।

- महाराजा चौक के पास की है घटना

पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की सुबह चंदखुरी और कोल्हियापुरी क्षेत्र से निगम के सफाई कर्मी हर दिन की तरह सुबह काम पर निकले थे। महिलाएं ऑटो पकड़कर सुबह 6 बजे निकले। एक सफाई कर्मी दुर्ग विशाल मेगामार्ट के सामने उतार गई। ऑटो सड़क किनारे खड़ा कर एक महिला का इंतजार करने लगी। तभी जेल चौक से उल्टी दिशा से एक कार सीजी 07 सीवी 1947 तेज रफ्तार में आई और दुर्ग महाराजा चौक के पास खड़े ऑटो को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। वहीं कार के सामने का बोनट पूरा क्षतग्रिस्त हो गया। कार का एयर बैग तक खुल गया। कार में सवार चालक और अन्य तो सुरक्षित बच लिया गया। लेकिन ऑटो चालक और उसमें सवार महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। खबर लगते ही पद्मनाभपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने डॉयल 112 को कॉल कर घायलों को अस्पताल भेजा। पांच महिलाओं की हालत सामान्य है, तो वहीं चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। ऑटो को थाने लेकर गई है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।



### घायलों को देखने पहुंचे जनप्रतिनिधि

मिली जानकारी के मुताबिक महाराजा चौक में कार आटो के हादसे में घायलों में राजा, खोमीन बाई, लोकेश्वरी साहू, श्यामबती राव, सुनीती यादव, चुलिया साहू, सतरुपा निर्मलकर, चित्ररेखा निर्मलकर आदि लोग घायल है। घायलों को देखने जिला अस्पताल विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर अलका बाघमार और पूर्व विधायक अरुण वोरा घायलों का हालचाल जानने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि दोषियों वाहन चालक पर कार्रवाई की जाएगी।

बकाया राशि को लेकर लंबे समय श्रमिकों में था असंतोष

# सेल रिफ्रैक्टरी यूनिट गेट के सामने श्रमिकों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई रिफ्रैक्टरी यूनिट के ठेका श्रमिकों को ठेका समाप्ति के बाद उनके फाइनल पेमेंट, बोनस और अन्य बकाया राशि नहीं मिलने के विरोध में श्रमिकों रिफेक्ट्री गेट के सामने प्रदर्शन किया। प्रबंधन से लंबित राशि भुगतान किए जाने की मांग की गई। नहीं किए जाने पर कड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई। सेल रिस्पेक्टिवली वर्कर्स यूनियन द्वारा अध्यक्ष उज्वल दत्ता के नेतृत्व में यूनिट के मुख्य गेट के सामने ठेका मजदूरों ने प्रदर्शन किया। श्रमिकों में इस बात का आक्रोश था क्योंकि लंबे समय से उनका भुगतान नहीं किया जा रहा है। मजदूरों को आक्रोश को देखते हुए प्रबंधन ने तत्काल यूनियन प्रतिनिधियों को चर्चा के लिए आमंत्रित किया। यूनियन अध्यक्ष दत्ता, महासचिव युवराज डेहरिया, बीएसपी वर्कर्स यूनियन के नेता और पदाधिकारी उपस्थित थे। चर्चा बाद प्रबंधन ने भुगतान कराने की सहमति दी। श्रमिकों की बकाया राशि का भुगतान करवा दिया । मात्र 80 श्रमिकों, जिनके ठेकेदार से संपर्क नहीं हो सका का भुगतान 10 दिनों के भीतर करने का आश्वासन दिया गया। आश्वासन बाद श्रमिकों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया।



### एकजुटता फल मिला

आश्वासन बाद यूनियन अध्यक्ष उज्ज्वल दत्ता ने कहा कि, यह श्रमिकों की एकता और दृढ़ संकल्प का परिणाम है कि प्रबंधन को वार्ता के लिए बाध्य होना पड़ा। भविष्य में भी श्रमिकों को इसी तरह एकजुट रहकर अपने अधिकारों की रक्षा करनी होगी।महासचिव श्री युवराज डेहरिया ने कहा, \/"अब से कोई भी ठेकेदार श्रमिकों को उनका मेहनताना देने से नहीं बच सकता। यूनियन हर परिस्थिति में श्रमिकों के हक की रक्षा करेगी और किसी भी प्रकार के शोषण को बर्दाश्त नहीं करेगी। सभा को बीएसपी वर्कर्स यूनियन के वरिष्ठ श्रमिक नेता दिलेश्वर राव एवं डीएसपी वर्कर्स यूनियन युवा शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने भी संबोधित किया। प्रदर्शन में युवराज डहरिया , दिलीप साहू , लोकेश निषाद , अल्केश्वर राव , प्रवीण साहू ,मनुराज , राकेश कुमार , हिमांशु देशलहरे, मुकेश ठाकुर , भागीरथी देशमुख , मधु वर्मा, उपस्थित थे।

# गांजा तस्करी करते तीन युवक पुलिस गिरफ्त में



**भिलाई।** गांजा बेचने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तीन अज्ञात युवक पावर हाउस होण्डा शोरूम के पास सड़क किनारे सफेद थैला में गांजा रख खडे थे। छावनी पुलिस मौके पर पहुंची और सर्विस रोड पावर हाउस भिलाई से तीन युवको को प्लास्टिक थैला के साथ पकड़ लिया। पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम ग्राम चंद्रपुर थाना बेलपडा, पंचायत सुलेकेला जिला बलांगीर ओडिस निवासी रूद्र किशोर बिशी उर्फ गोलु, धोबपारा थाना कांटाभांजी जिला बलांगीर उडिसा बशिष्ठ महानंद , 6 सडक नं 30 म नं 07 ब्लाक नं जेपीएस सेक्टर 6 मुकेश तांडी बताया है। आरोपी रूद्र किशोर से 2.064 किग्रा गांजा, बशिष्ठ 2.024 किग्रा, मुकेश 2.052 किग्रा गांजा जब्त किया गया। आरोपियों से कुल 6.140 किग्रा गांजा बरामद किया है। कार्रवाई में छावनी प्रभारी चेतन सिंह चन्द्राकर, उनि वरूण देवता, प्रधान आर. उमेश गंगराले, आरक्षक नितिन सिंह राजपूत, त्रिलोकनाथ भाठी, पंकज राय की भूमिका अह्म रही है।



04



ढीला-ढाला फैशन

## लाइव इवेंट

### 13 बटुकों का उपनयन संस्कार, दूल्हे की तरह निकली बारात, परिजनों ने किया डांस



**दुर्ग।** सरयूपारिण ब्राम्हण समाज के तत्वावधान में 13 बटुक का उपनयन संस्कार का सामाजिक भवन में कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे सभी बहुक परिवार के आगमन व स्वागत से हुई। सभी बटुकों एवं परिवारजनों के आगमन के बाद भगवान परशुराम की पूजा अर्चना करके उपनयन संस्कार के नेंग-जोग की तैयारियां शुरू की गई। उपनयन संस्कार के मुख्य आचार्य रुपेश शास्त्री एवं सहयोगी के रूप में पं. मयंक शर्मा थे। सभी बटुक छग के अलग-अलग जिलों से आए थे। इनमें रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, धमतरी, खरियार रोड, बालोद, दल्लीराजहरा के बटुक शामिल थे। कार्यक्रम मुख्य रूप से नारी प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, भगवद्री पाण्डेय थीं। अध्यक्ष केएन शर्मा और महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अपर्णा चौबे के निर्देशन में समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाई। तेलमाटी, चूलमाटी आदि सभी रस्मों में बाजे-गाजे के साथ सभी बटुकपरिवारों एवं प्राधिकारियों की प्रशंसनीय भागीदारी रही। इसके बाद तेल-हल्दी चढ़ाना, मुंडन संस्कार, शिक्षा दीक्षा-भिक्षा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। फिर नहडोदी के बाद सभी बटुकगण एवं परिवार जन बारात के लिए तैयार हुए। बटुक भी दूल्हे की तरह तैयार हुए। फिर बाजे-गाजे के साथ सामाजिक भवन से चंडी माता माता दर्शन को निकले। बारात शोभायात्रा में सभी परिवारजन मौजूद थे। इस अवसर पर अखंड ब्राहाण समाज की अध्यक्ष भारती किरण शर्मा, निशा शर्मा, विभा तिवापी, बीनू तिवारी, सुमन पाण्डेय, आरती, योगिता, गीतांजलि, आशा तिवारी, पूनम, आरती, दुर्गेश, ममता तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

- ब्राह्मण समाज के लुचकीपारा स्थित सामाजिक भवन में हुआ कार्यक्रम



## सिटी इवेंट

### अच्छे कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान जरूरी: विजय बघेल




**दुर्ग।** सांसद विजय बघेल ने कहा कि किसी को भी सम्मान मिलने से नई सकारात्मक ऊर्जा आती है। इससे अपने कार्य को और बेहतर तरीके से करने की भावना जागृत होती है। अच्छा कार्य करने वाले जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान होना चाहिए। एक जनप्रतिनिधि का सम्मान होता है तो दूसरे जनप्रतिनिधियों को भी बेहतर कार्य करने, अच्छी सेवा देने का की प्रेरणा मिलती है। सांसद विजय बघेल ने महिलाओं की शिक्षा कल्याण और विकास के लिए कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्था मीरा के श्याम द्वारा आयोजित मोर मुखिया महोत्सव 2025 समारोह में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जनप्रतिनिधियों के सामने भी नई चुनौतियां आ रही हैं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को सभी के एकसमान हित में सेवाभावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें जनसेवा के कार्य करने की जिम्मेदारी मिली है। हमें कहीं भेदभाव करने से भी बचना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने जिले में पंचायत क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सरपंचों का संस्था की तरफ से सम्मान भी किया। स्वयंसेवी संस्था मीरा के श्याम ने दुर्ग जिले में पंचायत क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले सरपंचों, पंचो और ग्राम पंचायत का सम्मान करने का बीड़ा उठाया है. इसके लिए चार अवार्ड भी घोषित किए गए हैं। स्वच्छता, डिजिटलीकरण, वृक्षारोपण तथा सर्वाधिक रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले ग्राम पंचायतों को पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायकललित चंद्राकर भी उपस्थित थे। बघेल ने कहा कि किसी स्वयंसेवी संस्था के द्वारा गांव का विकास कैसे हो, ग्रामीणों का विकास कैसे हो सकता है, गांव, समृद्धशाली आत्मनिर्भर कैसे बन सकता है। वहां सुशासन कैसे आ सकता है। वहां हमारे संस्कार कैसे सुरक्षित और सुरक्षित रखे जा सकते हैं। इस दिशा में इस स्वयंसेवी संस्था ने कार्य करने का बीड़ा उठाया है। ललित चंद्राकर ने इस अवसर पर कहा कि हमारे नेताओं पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी ने समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास का स्वप्न देखा है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। इसके लिए लगातार नई योजनाएं बनाई जा रही है।

- स्वयंसेवी संस्था के कार्यक्रम में पहुंचे सांसद विजय बघेल और विधायक ललित चंद्राकर

निजी यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल रमेन डेका, 67 छात्रों को बी-टेक, बीबीए और बीसीए की मिली डिग्री

# शिक्षा समाज को बदलने, व्यक्तियों को सशक्त बनाने और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए सबसे शक्तिशाली माध्यम : राज्यपाल डेका

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका शुक्रवार को दुर्ग में थे। वे यहां केके मोदी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज को बदलने, व्यक्तियों को सशक्त बनाने और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए सबसे शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन आज की तेजी से विकसित हो रही दुनिया में केवल डिग्री ही सफलता को परिभाषित नहीं करती है। राज्यपाल ने कहा कि स्नातक के रूप में आप एक ऐसी दुनिया में कदम रख रहे हैं जो गतिशील और चुनौतियों से भरी है।



**भिलाई।** राज्यपाल ने कहा कि इस नए युग को सफलतापूर्वक नेविगेट करने के लिए आपको लगातार अपने आप को अपस्किल और रिस्किल करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत सरकार ने कौशल भारत, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) और राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) जैसी पहलों के माध्यम से कौशल विकास पर महत्वपूर्ण जोर दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे युवा उद्योग के लिए तैयार हों और आर्थिक विकास को गति देने में सक्षम हों। राज्यपाल रमेन डेका ने इस दीक्षांत समारोह में 67 छात्रों को बी-टेक, बीबीए और बीसीए में डिग्री प्रदान की। डिग्री मिलने पर छात्रों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आपकी यात्रा में आज एक ऐसा दिन है जो आपकी वर्षों की कड़ी मेहनत, दृढ़ता और ज्ञान की अथक खोज को दर्शाता है। राज्यपाल डेका ने कहा कि भारत उद्यमशीलता क्रांति के मुहाने पर खड़ा है। हमारे देश में स्टार्टअप इकोसिस्टम फल-फूल रहा है और छत्तीसगढ़ नवाचार के केंद्र के रूप में उभर रहा है। स्टार्ट-अप इंडिया पहल, स्टैंड-अप इंडिया और मुद्रा योजना उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और वित्तीय सहायता और अनुकूल कारोबारी माहौल के साथ युवाओं का समर्थन करने में सहायक रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि हाल ही में राष्ट्र ने मुद्रा ऋण योजना के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। इसके माध्यम से छोटे पैमाने के उद्यमियों को 32 हजार करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया है, जिसमें से 68 प्रतिशत महिला उद्यमी थीं। उन्होंने डिग्री प्राप्त युवाओं से आग्रह किया कि वे केवल नौकरी की तलाश न करे बल्कि नौकरी सृजक बने। साहसी बनें, जोखिम उठाएँ और वास्तविक दुनिया की समस्याओं के लिए अभिनव समाधान लाएं।

### देश 2047 के विजन की ओर आगे बढ़ रहा

राज्यपाल डेका ने कहा कि हम विकसित भारत 2047 के विजन की ओर आगे बढ़ रहे हैं, आप में से प्रत्येक को भारत को वैश्विक नेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। एक विकसित भारत की नींव उसके शिक्षित युवाओं के हाथों में है, जिन्हें नवाचार, प्रौद्योगिकी, सतत विकास और समावेशी विकास के माध्यम से योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान के साथ स्नातक होना महत्वपूर्ण है, लेकिन उद्योग में जो चीज आपको अलग बनाएगी, वह है प्रभावी ढंग से संवाद करने, आलोचनात्मक रूप से सोचने और विविध टीमों के साथ सहयोग करने की आपकी क्षमता। आधुनिक कॉर्पोरेट दुनिया को ऐसे पेशेवरों की आवश्यकता है जो आत्मविश्वास और दृढ़ विश्वास के साथ विचारों को व्यक्त कर सकें। सॉफ्ट स्किल्स, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, समस्या-समाधान क्षमता और नेतृत्व गुण आपकी सफलता में निर्णायक भूमिका निभाएंगे।






### दुनिया एक निरंतर होने वाली कक्षा की तरह

राज्यपाल ने युवकों को अपने संचार कौशल को लगातार सुधारने, टीमवर्क को अपनाने और बदलती परिस्थितियों के अनुकूल एक अभिनव मानसिकता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जब आप इन विश्वविद्यालय के द्वार से बाहर निकलते हैं, तो याद रखें कि सीखना कभी बंद नहीं होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया एक निरंतर विकसित होने वाली कक्षा है, और आपकी व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास की यात्रा जारी रहनी चाहिए। राज्यपाल ने आह्वान किया कि आपकी शिक्षा ने आपको पंख दिए हैं। अब समय आ गया है कि आप ऊंची उड़ान भरें और अपनी बुद्धि और समर्पण के साथ देश के भविष्य को आकार दें। राज्यपाल श्री डेका ने डिग्री प्राप्त सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपकुलपति डॉ. मोनिका सेठी शर्मा, कुलपति चारू मोदी, डॉ. बीना मोदी सहित अन्य मौजूद थे।

# पूर्व स्पीकर पांडेय पहुंचे वार्ड-38, पब्लिक को दी आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना से जुड़ी जानकारी

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने वार्ड 38 के बूथ क्रमांक 161 एवं 91 में जनसंपर्क कर आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने आमजनों से भेंटकर उनसे संवाद किया और केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी साझा की। पाण्डेय ने बूथ क्रमांक 161 में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात की। क्षेत्र का दौरा कर योजनाओं की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जनता का उत्साह और समर्थन यह दर्शाता है कि सरकार की योजनाएँ सही दिशा में पहुँच रही हैं और आमजन का जीवन स्तर सुधार रही हैं। इसके पश्चात वार्ड 38 के बूथ क्रमांक 91 में आयोजित आमसभा में उन्होंने उपस्थित नागरिकों से संवाद करते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत आदि योजनाओं की जानकारी साझा की। पाण्डेय ने कहा कि भाजपा की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र को आत्मसात करते हुए समाज के हर वर्ग तक विकास की किरण पहुंचा रही है।

- गांव चलो अभियान के अंतर्गत वार्डों का भ्रमण कर विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय






# भोजपुरी गौरव सम्मान समारोह व चैता का महामुकाबला आज

**भिलाई।** छग भोजपुरी परिषद द्वारा स्व. सुबास शर्मा की स्मृति में 12 अप्रैल दिन शनिवार की रात 8 बजे से बैकुंठधाम केम्प 1 में भोजपुरी गौरव सम्मान व उत्तरप्रदेश, बिहार के मशहूर कलाकार ब्यास सुरेन्द्र सिंह, ब्यास साहेब सिंह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम चैता का रंगारंग मुकाबला होगा। छग भोजपुरी परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे होंगे। कार्यक्रम में विधायक देबेन्द्र यादव, महापौर नीरज पाल, मुख़्य संरक्षक व संयोजक संजय ओझा, छग खादी ग्राम्यद्योग के अध्यक्ष राकेश पाण्डे, भोजपुरी परिसद के संरक्षक सन्तोष शर्मा, उद्योगपति केके झा, समाजसेवी पुरुषोत्तम देवांगन होंगे। समारोह के विशेष अतिथि के रूप में भिलाई निगम सभापति गिरवर बंटी साहू, मुख्यमंत्री के निज सचिव तुलसी कौशिक, जेपी गुप्ता, कामर्स गुरु सन्तोष राय, कांग्रेस नेता धमेन्द्र यादव, साही सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष मुक्तिनाथ पाण्डे, पार्षद पीयूष मिश्रा, भोजपुरी समाज के कोरबा के प्रवक्ता विनोद सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

डब्लूडब्लूएफ से दिग्गज पहलवान दलीप सिंह राणा उर्फ खली शुक्रवार की शाम भिलाई पहुंचे

कॉर्नर न्यूज



# द ग्रेट खली... से.-9 हनुमान मंदिर में किया अभिषेक, कहा- दिव्य शक्ति के दर्शन और शहरवासियों के प्रेम से हूं अभिभूत



**भिलाई।** डब्लूडब्लूई के दिग्गज इंटरनेशनल खिलाड़ी दलीप सिंह राणा उर्फ द ग्रेट खली शुक्रवार को भिलाई पहुंचे। उन्होंने सेक्टर-9 स्थित हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना और अभिषेक किया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा सुंदर और व्यवस्थित करवाया गया सेक्टर-9 भिलाई के हनुमान मंदिर प्रांगण उन्हें बेहद पसंद आया। अंडरटेकर को मात देकर डब्ल्यूडब्ल्यूई में देश का नाम रौशन करने वाले खली ने कहा कि विधायक रिकेश ने कुछ दिन पहले ही इस मंदिर का दर्शन मुझे वीडियो कॉल पर कराए थे। उसी समय हनुमान जन्मोत्सव में भिलाई आने की ठान ली थी। सचमुच पवनपुत्र हनुमान के इस मंदिर में इतनी दिव्य शक्ति है कि अपने दुबई के कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या को यहां पहुंचा। मंदिर दर्शन पश्चात मुझे आज इस क्षेत्र के लोकप्रिय और सक्रिय युवा विधायक के साथ बजरंगबलि का अभिषेक करने का अवसर मिला। हनुमान जन्मोत्सव पर सेक्टर-9 मंदिर पहुंच कर खली ने भगवान के दर्शन किए। चौक पर आयोजित विशाल भक्तजन समूह के बीच हनुमान का अभिषेक का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि अंडरटेकर तक को पछाड़ने का जज्बा खुद में लाया। उसी संघर्ष और परिश्रम की शक्ति का महत्व समझते हुए हमारे युवा साथी हमेशा अपने बेहतर भविष्य के निर्माण और भारतवर्ष का नाम रौशन करने की सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ें।

### किसी भी प्रलोभन में न छोड़ें सनातनी परंपरा

रेसलर दलीप सिंह राणा ने कहा कि भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ आकर धन्य हो गया हूं। पक्का सनातनी होने के नाते भिलाई और छत्तीसगढ़ के लोगों से एक अपील और करूंगा कि कितनी भी परेशानी आ जाए, कोई भी प्रलोभन हो। कभी अपना धर्म न बदलना और न ही लालचवश किसी सनातनी का धर्म परिवर्तन होने देना। मैं प्रभु राम और वीर हनुमान का सच्चा भक्त हूं और सनातनी होने का मुझे गर्व है। अभिषेक करने के बाद द ग्रेट खली महाआरती में भी शामिल हुए। विधायक रिकेश सेन और भाजपा जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन ने दलीप सिंह राणा को स्मृति चिन्ह भेंट किया। खली ने अंत में भिलाई के लोगों से आह्वान किया कि 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव में जरूर शामिल हों।

### दारा सिंह के बेटे विंदू आज आएंगे हनुमान मंदिर

आयोजनों ने दी जानकारी दी कि रामायण में हनुमान का किरदार निभाने वाले हमारे देश के विश्व प्रसिद्ध पहलवान रहे स्व. दारा सिंह के सुपुत्र विंदू दारा सिंह 12 अप्रैल की शाम सेक्टर-9 हनुमान मंदिर प्रांगण पहुंच रहे हैं। दुबई जाने की वजह से वे इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पा रहा हैं, लेकिन आप सभी समय पर आकर बजरंगबलि के भव्य अभिषेक में सहभागी अवश्य पहुंचना चाहिए।

## सिटी इवेंट

# आंगबाड़ी केंद्र में नौनिहालों का वजन व हाइट किया चेक



**भिलाई।** शंकर नगर दुर्ग में नौखोलिया बस्ती की कार्यकर्ता लेखा डोंगरे के द्वारा बच्चों का वजन अवलोकन के आधार पर पालकों को ग्रोथ चार्ट से पोषण स्तर की नियमित की जानकारी दी। वीएचएसएनड, पोषण पखवाड़ा, सुपोषण चौपाल टीएचआर वितरण जैसे अवसरों पर कार्यकर्ता के द्वारा समुदाय में कुपोषण से होने वाले दुष्प्रभावों पर निरंतर जागरूकता का काम किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के नियमित प्रयासों से पिछले वर्ष और इस वर्ष इशिका देवांगन, आरव बागड़े, कुश नामदेव को एनआरसी की सेवाओं से लाभ मिला है। वर्तमान में कार्यकर्ता के द्वारा सभी गंभीर, मध्यम श्रेणी के कुपोषित बच्चों के पालकों से संपर्क कर कुपोषण से होने वाले नुकसानों के बारे में अवगत कराया है। हर कुपोषित बच्चों की पोषण स्तर का सतत अवलोकन कर सुपोषित शरीर, सुपोषित बचपन, स्वस्थ समाज के महत्व को जन समुदाय में बताया जा रहा है। कार्यकर्ता हर गर्भवती और धात्री माता को सुपोषण के महत्व की जानकारी दी जा रही है। गर्भावस्था के पोषण एवं जन्म के पश्चात निरंतर स्तनपान की आवश्यकता को आंगनवाड़ी में होने वाले नियमित आयोजनों के माध्यम से प्रसारित किया जाता है।

## धर्म लाइव

# पंचमुखी हनुमान मंदिर से.4 में अखंड रामायण पाठ हुआ शुरु



**भिलाई।** पंचमुखी हनुमान मंदिर सेक्टर 4 सड़क 35 में शुक्रवार को अखंड रामायण का पाठ शुरु किया गया। पाठ को आरंभ करने के पूर्व पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में पंड़ित राजू मिस्त्रा के द्वारा विधिवत भगवान हनुमान की पूजा अर्चना करकी गई। रामायण महिला मंडली और श्रद्धालुओं द्वारा पाठ आरंभ किया। 24 घंटे के अखंड रामायण के बाद हनुमान जन्मोत्सव मनाते हुए महाभंडारी का आयोजन किया गया है। पंचमुखी हनुमान मंदिर के अध्यक्ष दुग्धीश पाण्डे, सौरभ मिश्रा, श्वेता मिस्त्रा, रिंकू साहू, राजेश चौहान, राजेश पाल, नेम बाई साहू आदि मौजूद थे।

## एजुकेशन लाइव

# स्टूडेंट्स ने देखा उद्योगों में कैसे होता है काम, तकनीकों को भी समझा



**भिलाई।** कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेक्टर-7 के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विभाग के 12 छात्र-छात्राओं को भिलाई स्थित इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड हथखोज ले जाया गया, जहां उन्होंने औद्योगिक उत्पादन, तकनीकी प्रक्रिया तथा आर्थिक गतिविधियों की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से यह शैक्षणिक भ्रमण हुआ। भ्रमण के दौरान अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक शेष नारायण तथा पूर्व शर्मा की उपस्थिति ने छात्रों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया। छात्र-छात्राओं ने इस भ्रमण के दौरान औद्योगिक क्रियाविधियों को निकट से समझने का अवसर पाया तथा उन्हें अपने शैक्षणिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप में देखने का सुअवसर प्राप्त हुआ। इससे उनमें औद्योगिक क्षेत्र की कार्यप्रणाली एवं आर्थिक संरचना को लेकर जिज्ञासा एवं समझ में वृद्धि हुई। अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित यह भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ, जिसे सभी ने अत्यंत सराहा।

■ कल्याण कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के स्टूडेंट्स का शैक्षणिक भ्रमण

### संत विक्तु बाबा का 15 को जन्मोत्सव, जुटेंगे अनुयायी

**दुर्ग।** महान तपस्वी योगीराज श्री संत विक्तु बाबा (बेड़ी वाले) जिला नागपुर (महाराष्ट्र) का जन्मोत्सव 15 अप्रैल को जागृति चौक शंकरनगर दुर्ग में पूरे श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। आयोजन का यह 45वां वर्ष है। इस अवसर पर दोपहर 12 बजे परित्राण पाठ, दोपहर 1.30 बजे पूजा-अर्चना और दोपहर 2 बजे से भंडारा का आयोजन किया गया है। भंडारा शाम 5 बजे तक चलेगा। आयोजन समिति द्वारा अनुयायियों से जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है। आयोजन की तैयारी में समिति के संयोजक आरके बोरकर, मुकेश गजभिए, भगवान दास जामुलकर, मनोहर पदवाद, बालकदास डोंगरे, आशीष मेश्राम व अन्य सदस्य जुटे हुए है।

● सेक्टर-9 हनुमान मंदिर में 1 लाख से ज्यादा भक्तों के पहुंचने की संभावना, पंचमुखी में भी पूजा

# हनुमान जयंती को लेकर तैयार पूरी, आज जगह-जगह भव्य शोभायात्रा चालीसा पाठ के साथ गाजे-बाजे के साथ भंडारे की रहेगी धूम

ट्विनसिटी के मंदिरों में हनुमान जयंती की तैयारी पूरी कर ली गई है। 12 अप्रैल को जगह-जगह शोभायात्रा निकलेगी। हनुमान चालीसा का पाठ होगा। गाजे-बाजे, आतिशबाजी और भंडारे की धूम रहेगी। प्रमुख रूप से सेक्टर-9 स्थित हनुमान मंदिर में तैयारी की जा रही है। यहां प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में भक्त जुटते हैं। इस बार एक लाख से ज्यादा भक्तों के दर्शन के लिए पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा ब्राह्मण पारा दुर्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, बस स्टैंड के अनुमान मंदिर, शनिचरी बाजार स्थित प्राचीन लंगूरवीर मंदिर, राम मंदिर लुचकी तालाब, राम दरबार अग्रसेन चौक, पंचमुखी मंदिर कन्हैयापुरी में भी व्यापक तैयारियां की गई है। भिलाई में बैकुंठधाम, खुर्सीपार, छावनी, जामुल, हाउसिंग बोर्ड, शांतिनगर, वैशालीनगर, सेक्टर-5 सहित अन्य जगहों पर हनुमा मंदिरों में आयोजन की तैयारी है।



**भिलाई-दुर्ग।** चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा यानी 12 अप्रैल शनिवार को हनुमान जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। शहर के हनुमान मंदिरों में भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। इस दिन जगह-जगह पर हनुमान चालीसा का पाठ, रामायण पाठ और भंडारे का आयोजन होगा। सेक्टर-9 हनुमान मंदिर में सुबह 6 बजे हवन पूजन के बाद, दोपहर 12 बजे भंडारा और शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। शुक्रवार को भी भजन-कीर्तन हुआ। पंचमुखी हनुमान मंदिर दुर्ग में हनुमान जयंती पर विशेष पूजा अर्चना की तैयारी की गई है। पंचमुखी मंदिर के विनय कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम में 8 से 10 हज़ार हनुमान भक्तों के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई है। मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा के साथ लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की जाएगी। आरती के बाद भव्य रंग बिरंगी आतिशबाजी की जाएगी। दुर्ग रेलवे स्टेशन के सामने स्थित मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि सुबह अभिषेक-श्रृंगार कर दोपहर 12 बजे महाआरती की जाएगी। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।



### महामृत्युंजय मंदिर आदर्श नगर में भी तैयारी

महामृत्युंजय वीर हनुमान मंदिर आदर्श नगर में विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। हनुमान की आरती जाएगी। सुबह 8 बजे श्रृंगार आरती और मालपुआ का भोग लगाया गया। यहां दिनभर भंडारा होगा और शाम 7.30 बजे महाआरती होगी। महेश कॉलोनी स्थित कृष्ण मंदिर में भी हनुमान जयंती मनाई जाएगी। आदित्य नगर दुर्ग स्थित हनुमान मंदिर में शुक्रवार को पूरे दिन साफ-सफाई की गई। मंदिर में 12 अप्रैल को कई आयोनज प्रस्तावित हैं। मंदिर में भजन-कीर्तन के साथ सुंदर कांड का पाठ, शाम 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा।



### खुर्सीपार में हनुमान प्रकटोत्सव पर विशाल भंडारा

भगवान हनुमान की असीम अनुकंपा से शिव मंदिर न्यू खुर्सीपार में श्री हनुमान के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल भंडारा आयोजित किया गया है। 12 अप्रैल को शाम 6.30 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि मंदिर में पूरे दिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इस दौरान सुंदरकांड का पाठ, भजन, हनुमान चालीसा का पाठ भी होगा।

### हनुमान जयंती के दिन ऐसे करें पूजा : पं. लाखेश्वर पांडेय

*पहले श्रीराम के मंत्र 'ऊं राम रामाय नमः' का जाप करें, फिर हनुमान जी के मंत्र 'ऊं हं हनुमते नमः' का जाप करें।*

***उत्तर-पूर्व दिशा में चौकी पर लाल कपड़ा रखें। फिर हनुमान के साथ भगवान श्रीराम के चित्र की स्थापना करें।***

*हनुमान जी को लाल और श्रीराम को पीले फूल चढ़ाएं। हनुमान जी को लड्डुओं का भोग लगाएं और तुलसी भी अर्पित करें।*

*हनुमान जयंती के दिन हनुमान मंदिर में जाकर हनुमान के सामने घी या फिर सरसों का दीपक जला दें और 5-11 बार हनुमान चालीसा का पाठ करें।*

*व्यापार संबंधी समस्या के लिए हनुमान जयंती को सिंदूरी रंग का लंगोट हनुमानजी को पहनाइए।*

*हनुमान मंदिर जाकर इस दिन भगवान की विधि-विधान से पूजा करने के साथ वहीं बजरंग बाण का पाठ करें।*

## आयोजन

# आंरभ मित्रता : मप्र, ओडिशा एवं छग के 500 से अधिक रोटेरियंस दुर्ग में जुटेंगे आज

**भिलाई।** रोटरी क्लब के मध्य प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के 500 से अधिक प्रतिनिधि दो दिवसीय कार्यशाला में रोमन पार्क दुर्ग में जुटेंगे। 12 और 13 अप्रैल को यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित है। आंरभ मित्रता नाम से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। संस्था के नितिन जैन, पंकज माहेश्वरी, संजय दुबे, मनोज रॉय, सुनील कायल ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यशाला 12 एवं 13 अप्रैल आयोजित है। आंरभ देश-विदेश के प्रख्यात उत्तप्रेरक वक्ता पूर्व प्रांतपाल एवं राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, पूर्व प्रांतपाल कमल संघवी, नेपाल से विशेष आमंत्रित सदस्य बासुदेव गोलियन, भुवनेश्वर से देवाशीष मिश्रा, मनोज त्रिपाठी, अनिल अग्रवाल, मोहन पलेसा, उल्लास कोल्हटकर, सुनील फाटक, अखिल मिश्र, जेपी काबरा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। वे अपने अनुभवों को 150 से अधिक क्लब के अध्यक्ष, सचिव ० अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ साझा करेंगे। रोटरी वर्ष 25-26 में जनहित के कार्यों को और अधिक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब भिलाई ग्रेटर द्वारा पूर्व प्रांतपाल शशांक रस्तोगी के नेतृत्व में किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर के चैयरमैन मयंक रोजनदार एवं को-चैयरमैन अंनत अग्रवाल हैं। कार्यशाला के लेकर अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, सोमनाथ अग्रवाल, सुशील अग्रवाल रामदास, अजीत खंडेलवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।




### छग बौद्ध महापंचायत निकालेगी बाबा साहेब की शोभायात्रा



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ बौद्ध महापंचायत के बैनरतले प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर दोपहर 3 बजे सौभाग्य कॉम्पलेक्स नया बस स्टैण्ड से बाबा साहेब की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा पूरे शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए अंत में पुराना बस स्टैण्ड पहुंचेगी। जहां शाम 4 बजे मुख्य अतिथि के अलावा संगठन पदाधिकारियों व नागरिकों की मौजूदगी में केक काटकर बाबा साहेब की जयंती की खुशियां मनाई जाएगी। शोभायात्रा में झांकिया, घोड़े बग्गी व बाजा-गाजा आकर्षण का केन्द्र होंगे। बाबा साहेब की जयंती को भव्य रुप देने छत्तीसगढ़ बौद्ध महापंचायत के पदाधिकारी अधिवक्ता बीडी जामुलकर के अलावा अन्य पदाधिकारी व सदस्य तैयारियों में जुटे हुए है।

## जैन समाज की महिलाओं की अनोखी पहल

# महिलाओं ने घर खर्च से पैसे बचाकर गौवंश को उठाने ठेला गाड़ी का कराया निर्माण

**दुर्ग।** जैन समाज की महिलाओं ने अनोखी पहल की है। महिलाओं ने घर खर्च से बचाकर करीब 15 हजार रुपए एकत्रित किए। इन पैसों से उन्होंने गौवंश को उठाने एक ठेला गाड़ी तैयार करवाया है।

महावीर जयंती के दिन इसे मोहलाई स्थित श्री कृष्ण गौशाला को सौंपा गया। दिगंबर जैन बड़े मंदिर महिला मंडल के द्वारा यह पुनित कार्य किया गया। साथ ही अन्य लोगों से भी गौवंश की सेवा की अपील की गई। मीना पाटनी, रंजू बड़जात्या, सुनीता बोहरा का इस कार्य में सहयोग रहा। सुनीता बोहरा सहित अन्य महिलाओं ने गौशाला जाकर आवश्यकता के अनुरूप गौ वंशों को उठाने हाथ ठेला गाड़ी का निर्माण कराया। इसमें ट्रांसपोर्टिंग सहित कुल खर्च रुपए 17500 आया। जीव रक्षक केंद्र के आजीवन सदस्य संजय बोहरा ने बताया कि यह जैन समाज का अनुकरणीय और जीव दया के प्रति एक अच्छा प्रयास है। यह बहुत ही जरूरी और अति उपयोगी साधन था, जिसे महावीर जयंती पर गोशाला में विधिवत प्रदान किया गया।



■ 15 हजार रुपए से ज्यादा किए एकत्रित

### स्वप्ना को पीएचडी की उपाधि मिली



**दुर्ग।** साइंस कॉलेज के भूगर्भशास्त्र विभाग शोध केन्द्र की छात्र स्वप्ना गुप्ता को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञान संकाय के भूगर्भशास्त्र विषय में उनके शोध कार्य हेतु पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। स्वप्ना का पीएचडी हेतु शोध शीर्षक जियोलॉजिकल स्टडी ऑफ ए पार्ट ऑफ द कांगेर वेली रिजन बस्तर डिवीजन छत्तीसगढ़ विथ स्पेशल रिफरेंस टू ओरिजन एण्ड इवॉल्यूषन ऑफ कॉर्स्ट टोपोग्राफी था। स्वप्ना ने अपना शोध कार्य साइंस कॉलेज के भूगर्भशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। सह शोध निर्देशक के रूप में भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख थे। स्वप्ना के शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शोध जर्नल्स में प्रकाशित है। वर्तमान में स्वप्ना गुप्ता शासकीय काकातीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर में अतिथि प्राध्यापक के रूप में पदस्थ हैं। स्वप्ना की सफलता पर शोध केन्द्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह तथा शासकीय महाविद्यालय जगदलपुर के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## भारतीय बौद्ध महासभा सेक्टर 6 में आयोजित महात्मा फुले जयंती समारोह

# महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कामों की वजह से देश महात्मा ज्योतिबा फुले का हमेशा ऋणी रहेगा: विजय बघेल

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यों के लिए देश महात्मा ज्योतिबा फुले का हमेशा ऋणी रहेगा। हमारा देश उस समय कई सामाजिक कुरीतियों से जूझ रहा था, तब महात्मा ज्योतिबा फुले ने इस ओर ध्यान दिया कि महिलाओं को शिक्षित बनाकर ही कई सारी कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा के लिए नया शंखनाद किया। उनके प्रयासों के चलते समाज में महिलाओं में नई जागरूकता आ सकी। समाज के हित में उनके योगदान को देश में हमेशा याद किया जाएगा। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने महात्मा फुले की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम में बोलते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महात्मा फुले के रास्ते पर चलते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया है, जो कि वर्तमान में महिलाओं की प्रगति की दिशा में काफी सार्थक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे महात्मा ने जो प्रयास किया था उसी के चलते आज महिलाएं शिक्षा, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, विज्ञान उद्योग टेक्नोलॉजी के साथ प्रत्येक क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही है।



### 5 लाख की लागत से बने हॉल का किया लोकार्पण

सांसद विजय बघेल भारतीय बौद्ध महासभा सेक्टर 6 भिलाई द्वारा आयोजित महात्मा फुले जयंती समारोह में शामिल हुए। उन्होंने सांसद निधि से निर्मित नए हाल लोकार्पण भी किया। 5 लाख रुपए की लागत से हॉल का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम के प्रारंभ में उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले और संविधान निर्माता डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले के द्वारा देश है कार्यों का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उनके द्वारा किया गया कार्य कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। सांसद विजय बघेल ने इस अवसर पर सुधाकर राव फूलमाली द्वारा लिखित पुस्तक भगवान बुद्ध उनका धम्म का विमोचन भी किया।

### संगठन की एकजुटता और निर्माण में सहयोग का निर्णय

भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारी सदस्यों ने संगठन के लिए निर्माण में सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया। सभी ने संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट रहने की भी बात कही। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम, महासचिव राजाराव ढोक, अशोक श्याम कुँवर, आशीष चौहान, बसंत नन्देश्वर, रविन्द्र गाडगे, अनिल साखरे, कमल मेश्राम, नरेन्द्र टेम्बुरकर, नरेंद्र नारनवरे, मीरा नारनवरे, केसर बौद्ध सहित कई पदाधिकारी और सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद सांसद विजय बघेल का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

## सिटी स्पोर्ट्स

### आदर्श विद्यालय 3 विकेट से जीत दर्ज कर तीसरे राउंड में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में रायपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मेंस अंडर 16 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 का आयोजन 15 अप्रैल तक किया जा रहा है। सातवें दिन शुक्रवार को प्रतियोगिता का दूसरे चरण का दूसरा मैच आदर्श विद्यालय, मोवा विरुद्ध ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल के मध्य आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर में खेला गया। आदर्श विद्यालय, मोवा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 25 ओवरों में 10 विकेट खोकर 156 रनो का स्कोर बनाया। ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल की ओर से रुद्रा देवांगन ने सर्वाधिक 40 रन तथा वेदांत सिंह ने 36 रनों का योगदान दिया। वहीं आदर्श विद्यालय, मोवा की ओर से जायद शेख ने षानदार गेंदबाजी करते हुये 4 विकेट, पृथ्वी सिंह तथा कृष ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आदर्श विद्यालय, मोवा ने 23.3 ओवरों में 7 विकेट खोकर 157 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। आदर्श विद्यालय, मोवा की ओर से सचिन पिल्लई ने 58 रन तथा वासु राव ने नाबाद 36 रनों की पारी खेली। ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल की ओर से समर्थ अग्रवाल ने 3 विकेट, प्रथम तथा वेदांत सिंह ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। आदर्श विद्यालय, मोवा ने मैच 3 विकेट से जीत लिया। जायद शेख प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किये गये। शनिवार 12 अप्रैल को तीसरे चरण का पहला मैच राजकुमार कॉलेज एवं आदर्श विद्यालय के मध्य खेला जायेगा।

### इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर एलिट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा भिलाई





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट के सेमी फायनल मुकाबले में शुक्रवार को रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 87.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 340 रन बनाये। रायपुर की ओर से ऋषभ तिवारी ने 79 रन बनाये साथ ही प्रतीक यादव ने 66 रनों का योगदान दिया। वहीं भिलाई की ओर से गर्व कुमार सिंह ने 3 विकेट तथा दिवाकर ताम्रकार ने 3 विकेट प्राप्त किये। भिलाई ने अपनी पहली पारी में 171.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 679 रनों का विशाल स्कोर बनाये। भिलाई की ओर से हर्ष शर्मा ने 158 रन तथा संजित देसाई ने 93 रन बनाये साथ ही बिन्नी सैम्युअल ने नाबाद 91 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर की ओर से अमितेश पांडे ने 3 विकेट, सुमीत रुईकर तथा आशीष चौहान ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। मैच की समाप्ति तक रायपुर ने अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 17 ओवरों में 100 रन बनाये। रायपुर की ओर से आयुष पांडे ने नाबाद 75 रनों का योगदान दिया। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। भिलाई ने पहली पारी की बढत प्राप्त की। प्रतियोगिता का फायनल मैच 13 से 16 अप्रैल तक राजनांदगांव में रायपुर ब्लू तथा भिलाई के मध्य खेला जायेगा।

### नेटबॉल के इंडिया कैंप मे भिलाई की हर्षिका का हुआ चयन

**भिलाई।** भिलाई की हर्षिका उपाध्याय का चयन एशियन युथ नेटबॉल चैंपियनशिप के इंडिया कैंप के लिए हुआ है। ज्ञात हो कि इससे पहले भिलाई के खुर्सीपर निवासी सोनम शर्मा का चयन हुआ था। उन्होंने अपने बेहतर प्रदर्शन से वह फाइनल में इंडियन नेटबॉल टीम मे अपनी जगह सुनिश्चित की थी। एशियन यूथ नेटबॉल चैंपियनशिप, 27 जून से 4 जुलाई तक साउथ कोरिया मे होना है। जिसके लिए 31 मार्च को चंडीगढ़ मे ट्रायल रखा गया था, जिसमे देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस ट्रायल के आधार पर अलग अलग राज्यों से 18 खिलाड़ियो का चयन किया गया है। खिलाड़ियो के खेल को प्रोफेशनली निखारने के लिए नेटबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया ने 14 अप्रैल से तेलंगाना मे कैंप का आयोजन किया है। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ स्पोर्ट्स नेटबॉल एसोसिएशन की अध्यक्ष मीना करकेट्टा, महासचिव राजेश राठौर, नेटबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के एग्जीक्यूटिव मेंबर प्रशांत जेकब, छत्तीसगढ़ नेटबॉल के अनिल सिंह, दुर्ग नेटबॉल एसोसिएशन की अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी सोनम शर्मा, जिले के कोच और दुर्ग नेटबॉल के सभी सीनियर खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त किया है।



## मधुमेह प्रबंधन सीखना बेहद जरूरी

# मधुमेह का स्तर संतुलित नहीं रहता तो इसके पीछे की वजहें हैं कई, इनके बारे में आपको जानना जरूरी

टाइप-2 डायबिटीज वाले लोगों को ब्लड शुगर स्पाइक के कारणों के बारे में जानना और इससे बचाव के उपाय करते रहना जरूरी है। आइए जानते हैं किन वजहों से ब्लड शुगर लेवल बार-बार कम या ज्यादा होता रहता है और इसे कंट्रोल करने के लिए क्या किया जाना चाहिए?

ब्लड शुगर का स्थिर न रहना कई प्रकार की दिक्कतों का कारण बन सकता है। क्या बार-बार आपका भी शुगर लेवल कम या ज्यादा हो रहा है? समय रहते इसके कारणों का सही निदान और इलाज जरूर करा लें। डॉक्टर कहते हैं, ब्लड शुगर को नियंत्रित करके मधुमेह जटिलताओं, जैसे किडनी रोग, तंत्रिकाओं की क्षति, दृष्टि से संबंधित समस्याओं, स्ट्रोक और हृदय रोगों से बचा जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि आपका आहार स्वस्थ हो और आप शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि जिन लोगों के ब्लड शुगर का स्तर अक्सर अनियंत्रित रहता है, उनमें थकान-कमजोरी और नींद की समस्याओं का होना काफी सामान्य है। टाइप-2 डायबिटीज वाले लोगों को ब्लड शुगर स्पाइक के कारणों के बारे में जानना और इससे बचाव के उपाय करते रहना जरूरी है। आइए जानते हैं किन वजहों से ब्लड शुगर लेवल बार-बार कम या ज्यादा होता रहता है और इसे कंट्रोल करने के लिए क्या किया जाना चाहिए?




### कम पानी तो नहीं पी रहे हैं आप?

डिहाइड्रेशन, यानी शरीर में पानी की कमी के कारण ब्लड शुगर का स्तर बढ़ सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि शरीर में तरल पदार्थों की मात्रा कम होने से हाइपरग्लेसेमिया हो सकता है। रक्त शर्करा बढ़ने पर आपको अधिक पेशाब आ सकता है, जिसके परिणामस्वरूप निर्जलीकरण और भी बढ़ने का जोखिम रहता है। मधुमेह वाले लोगों को हाइड्रेटेड और स्वस्थ रहने के लिए पूरे दिन खूब सारा पानी या अन्य कैलोरी-फ्री पेय पीते रहना चाहिए।



### मासिक धर्म चक्र के कारण भी हो सकती है ये दिक्कत

मासिक धर्म के दौरान पेट में दर्द, सूजन जैसी दिक्कतें होना काफी सामान्य है, पर क्या आप जानते हैं कि यह ब्लड शुगर में स्पाइक का भी कारण बन सकता है? सीडीसी के अनुसार, प्रीमेंस्टुअल फेज के दौरान हार्मोन में परिवर्तन के कारण ब्लड शुगर ज्यादा या कम होता रह सकता है। मधुमेह वाली कुछ महिलाएं पीरियड्स के दौरान इंसुलिन के प्रति कम संवेदनशील हो जाती हैं। इन दिनों आहार और जीवनशैली को ठीक रखना बहुत आवश्यक माना जाता है।

### नींद न पूरा होना एक कारण

अगर आपकी रात में नींद पूरी नहीं हो रही है तो इससे न सिर्फ अगले दिन आपको मूड और ऊर्जा से संबंधित दिक्कतें हो सकती हैं, साथ ही यह आपमें ब्लड शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव का कारण बन सकता है। साल 2015 में प्रकाशित एक समीक्षा के आधार पर निष्कर्ष निकाला कि नींद की कमी टाइप-2 डायबिटीज वाले लोगों में ग्लूकोज नियंत्रण और इंसुलिन संवेदनशीलता में बाधा उत्पन्न कर सकती है।





## योग के कुछ नियमों का हर किसी को रखना चाहिए ध्यान

यदि आप भी योग करते हैं या फिर अपनी लाइफस्टाइल में बदलाव करके योग को शामिल करना चाहते हैं तो इन नियमों को रट लें, ताकि आपको किसी तरह की कोई परेशानी न हो। आज के समय में खुद को फिट रखने के लिए लोग जिम जाने के साथ-साथ योग भी करने लगे हैं। योग करने से न सिर्फ उनके शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि साथ ही में मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार आता है। अपने शरीर को सुडौल और सुंदर बनाना हो या फिर तनाव मुक्त रहना हो तो आप योग को अपनी जीवनशैली में शामिल कर सकते हैं।

योग को लोग अपनी जीवनशैली में शामिल तो कर लेते हैं, लेकिन अक्सर वो इसे करते समय कुछ ऐसी गलतियां कर जाते हैं, जिसका असर उनके शरीर पर पड़ता है। इसी के चलते हम यहां आपको योग के 5 सबसे अहम नियमों की जानकारी देने जा रहे हैं, जिनको आप भी रट लें, ताकि यो आपके शरीर को सिर्फ लाभ ही पहुंचाए।

### सही जगह पर करें योग

योग करने का पहला नियम यही है कि इसे कभी भी बंद कमरे में न करें। योग हमेशा ऐसी जगह पर करना चाहिए, जहां खुली हवा आती-जाती हो। इसके साथ ही इस बात का भी ध्यान रखें कि शोरगुल वाली जगह पर योग करने से उचित लाभ नहीं मिलेगा।

### खाली होना चाहिए पेट

कभी भी खाना खाने के बाद योग न करें। इससे आपको पाचन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यदि आपको रात के समय योग करना है तो खाने के बाद कम से कम 3-4 घंटे का गैप रखें।

### सही हो आसन

कभी भी बिना किसी विशेषज्ञ की सलाह के योग न करें। पहले अच्छी तरह से सीख लें, उसके बाद ही अकेले में योग



करें। क्योंकि एक बार किया गया गलत आसन आपके साथ कई परेशानियों को पैदा कर सकता है। गलत आसन करने से आपके शरीर में भी दिक्कतें हो सकती हैं।

### जबरदस्ती न करें

योग करते समय यदि कोई आसन कठिन है, तो उसे करने के लिए खुद को फोर्स न करें। खुद को फोर्स करने से भी आपके लिए परेशानी खड़ी हो सकती है। यदि कोई आसन कठिन लग रहा है तो धीरे-धीरे उसे करने का अभ्यास करें, लेकिन जबरदस्ती न करें।

### बीमारी के दौरान करें सिर्फ ध्यान

यदि आप बीमार हैं तो योग करने की जगह सिर्फ ध्यान केंद्रित करें। योग करने से आपको परेशानी हो सकती है। इसलिए सिर्फ ध्यान करें, ताकि इससे आपको मानसिक रूप से मजबूती मिले।

## इस हनुमान जन्मोत्सव पर न करें ऐसी गलतियां, मिल सकते हैं अशुभ परिणाम

हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस बार चैत्र पूर्णिमा तिथि 12 अप्रैल 2025 को प्रातः 3 बजकर 20 मिनट पर शुरू हो रही है। इसका समापन 13 अप्रैल 2025 को सुबह 05 बजकर 52 मिनट पर है।

हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस बार चैत्र पूर्णिमा तिथि 12 अप्रैल 2025 को प्रातः 3 बजकर 20 मिनट पर शुरू हो रही है। इसका समापन 13 अप्रैल 2025 को सुबह 05 बजकर 52 मिनट पर है। ऐसे में 12 अप्रैल 2025 को हनुमान जन्मोत्सव का महापर्व पूरे भारत में मनाया जाएगा। यह दिन मुख्य रूप से बजरंगबली की पूजा-अर्चना को समर्पित है। इस तिथि पर वीर बजरंगी की उपासना से न केवल सभी समस्याएं दूर बल्कि कुंडली में मंगल ग्रह की स्थिति भी मजबूत होती हैं।

ज्योतिषियों के मुताबिक मंगल ग्रह के शुभ पर प्रभाव से व्यक्ति निडर और ऊर्जावान बनता है, जिससे कार्यों को पूरा करने की क्षमता मिलती है। ऐसे में हनुमान भक्तों के लिए हनुमान जन्मोत्सव का दिन बेहद खास है। इस तिथि पर हस्त नक्षत्र और व्याघात योग का संयोग बन रहा है, जो संकटमोचन की कृपा पाने के लिए कल्याणकारी है। परंतु इस दिन कुछ विशेष कार्यों को करने से भी बचना चाहिए अन्यथा अशुभ परिणाम मिल सकते हैं। आइए इसके बारे में जानते हैं

### हनुमान जन्मोत्सव पर न करें ये गलतियां

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हनुमान जन्मोत्सव के दिन घर में लहसुन व प्याज का उपयोग न करें। इस दौरान शराब, मांसाहार, तंबाकू आदि चीजों



से भी दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

हनुमान जन्मोत्सव हनुमान जी की कृपा पाने का दिन है। इस दिन दान अवश्य करें। परंतु याद रखें आप जिन भी चीजों का दान करें, उन्हें खुद ग्रहण भूलकर भी न करें। यह अशुभ हो सकता है।

अगर आप हनुमान जन्मोत्सव के दिन उपवास रख रहे हैं, तो आप गलती से भी नमक का सेवन नहीं करना चाहिए। कहा जाता है कि बजरंगबली की आराधना में चरणामृत का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंगबली की पूजा में काले या सफेद रंग के कपड़े नहीं पहनने चाहिए। यह उचित नहीं है। इस दिन बजरंगबली की टूटी या खंडित प्रतिमा की पूजा न करें। आप इसे जल में प्रवाहित कर दें और नई तस्वीर की पूजा करें।

### हनुमान जन्मोत्सव शुभ मुहूर्त

हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा के लिए दो शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। पहला मुहूर्त 12 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 35 मिनट से सुबह 9 बजकर 11 मिनट तक है। इसके बाद दूसरा शुभ मुहूर्त शाम को 6 बजकर 45 मिनट से लेकर रात 8. 8 मिनट तक रहेगा।

## इस तपती-जलती गर्मी के बीच सभी को खिलाइए कोल्ड पास्ता

गर्मी के मौसम में लोग अपने खाने-पीने का काफी ध्यान रखते हैं। हम यहां कोल्ड पास्ता सलाद बनाने की विधि बताने जा रहे हैं। कोल्ड सलाद पास्ता बनाने के लिए सबसे पहले आपको पास्ता उबालना है। इसके



लिए एक पैन में थोड़ा का नमक और तेल डालकर इसमें पास्ता मिक्स करें। अब पास्ता को उबलने दें। जब ये उबल जाए तो उसे एक बर्तन में निकाल लें। पास्ता को उबालने के बाद स्वीट कॉर्न को भी उबाल लें। दोनों चीजों को थोड़ी देर के लिए ठंडा होने दें, कि कोल्ड पास्ता सलाद ठंडा ही अच्छा लगता है। जब ये दोनों चीजें ठंडी हो जाएं तो खीरा, टमाटर, शिमला मिर्च को एक आकार में बारीक काट कें। सभी चीजों को काटने के बाद उसे एक बड़े कटोरे में रख लें।

अब इस कटोरे में पास्ता और उबले हुए कॉर्न डालें। अब इसमें नींबू का रस, ऑलिव ऑयल, नमक और काली मिर्च पाउडर डालकर मिक्स करें।




## कार्नर न्यूज

## बच्चों का मनोविज्ञान समझ कर इसका हल निकालना जरूरी

# घर में बच्चों के बीच होने लगी हिंसक घटनाएं तो हो जाएं सावधान, ये हो सकती है खतरे की घंटी

अगर आपका बच्चा भी बात-बात पर दूसरों को मारता है तो यह खतरे की घंटी है। समय रहते आपका उसके इस व्यवहार को बदलना जरूरी है, ताकि भविष्य को सुधारा जा सके। सालों बाद अनीता की मां गांव से आई थीं। बच्चे नानी को देख बहुत खुश थे, लेकिन जैसे ही वान्या नानी की गोद में बैठी, शोभित ने उसके बाल खींच लिए। वान्या रोने लगी, लेकिन फिर भी शोभित नहीं रुका। दोनों बच्चों की शरारतें देख अनीता बोली, "मां, मैं इनसे तंग आ गई हूं। शोभित रोज वान्या को मारता है। कितना भी समझा लूं, कोई सुधार नहीं।" बेटी की बात सुनकर मां बोलीं, "बेटी, पहले तुम्हें खुद शोभित को समझना होगा और फिर उसे समझाना होगा, तभी परेशानी का हल निकलेगा।"

### समझ की कमी

कई बार मांएं बच्चों को गलती करने पर मार देती हैं। पिता भी गुस्से में डांट देते हैं। छोटे बच्चे में समझ की कमी होती है। उसे लगता है कि गुस्सा, निराशा और असंतोष को व्यक्त करने का यही तरीका है, इसलिए वह अपनी भावनाओं को शब्दों के बजाय शारीरिक रूप से व्यक्त करने के लिए झगड़ा और मारपीट का सहारा लेता है। ऐसे में आप उसके व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए उससे खुला संवाद करें।



### ध्यान आकर्षित करना

बच्चे अपने माता-पिता का ध्यान आकर्षित करने के लिए भी भाई-बहनों या दोस्तों से लड़ाई करते हैं। यह विशेष रूप से तब होता है, जब वे महसूस करते हैं कि उन्हें बराबरी का प्यार और समय नहीं मिल रहा। यह भावना उन्हें असुरक्षित तथा उपेक्षित महसूस कराती है और वे उग्र हो जाते हैं। इसलिए दोनों बच्चों पर समान रूप से ध्यान दें। अगर आपका दूसरा बच्चा काफी छोटा है तो कोशिश करें कि उसे सुलाने के बाद बड़े को थोड़ा समय दें।

### अत्यधिक छूट

कई बार माता-पिता को आस-पास न पाकर बच्चा छोटे भाई या बहन को मार देता है। आप इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देतीं, जिस कारण वह ऐसा लगातार करता है। असल में, माता-पिता की लापरवाही या अत्यधिक छूट बच्चे को उग्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसलिए ऐसा होने पर बच्चे को तुरंत रोक दें।

### प्रतिस्पर्धा और ईर्ष्या

बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा और ईर्ष्या की भावना अक्सर माता-पिता ही बढ़ाते हैं। वे बच्चों की आपस में तुलना करने लगते हैं, जिस कारण भाई-बहन के बीच का प्यार तो खत्म होता ही है, वे अधिकतर समय लड़ने-झगड़ने में बिताते हैं। लेकिन इसका उनके भविष्य पर नकारात्मक रूप से असर पड़ता है।



इसलिए आप कोशिश करें कि दोनों बच्चों की तुलना न करें और उनके बीच प्यार तथा समझ बढ़ाने की कोशिश करें।

### डिजिटल माध्यम

अगर आपका बच्चा जरूरत से ज्यादा हिंसक वीडियो गेम, कार्टून या फिल्में देखता है तो ये उस पर नकारात्मक असर डालते हैं। ऐसे कंटेंट को देखकर बच्चे हिंसा को सामान्य मानने लगते हैं। इसके अलावा यदि घर का माहौल तनावपूर्ण और आक्रामक हो, तब भी वे झगड़ालू हो जाते हैं। इसलिए घर में सकारात्मक माहौल बनाएं और उन्हें हिंसक कंटेंट से दूर रखें।

### धैर्य के साथ सुनें उसकी बात

बाल मनोवैज्ञानिक डॉ. अंजली गुप्ता कहती हैं, भाई-बहनों के बीच लड़ाई-झगड़े जब हद से ज्यादा बढ़ जाएं तो इसके पीछे कई कारण छिपे होते हैं, जैसे- प्रतिद्वंद्विता, असुरक्षा की भावना, प्रशंसा की कमी, सम्मान, आलोचना या माता-पिता द्वारा भाई-बहनों के बीच तुलना या माता-पिता की शारीरिक और भावनात्मक रूप से अनुपलब्धता।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## होने जा रही जेंडाया-टॉम की शादी स्टाइलिस्ट लॉ रोच ने शेयर की अपडेट



हॉलीवुड स्टार जेंडाया और टॉम हॉलैंड की शादी के बारे में अब एक अहम जानकारी आई है कि यह कपल कब शादी के बंधन में बंध सकता है। इस बात की जानकारी खुद जेंडाया के स्टाइलिस्ट लॉ रोच ने शेयर की है, जिससे जेंडाया और टॉम के प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ रही है।

लंबे समय से जेंडया के स्टाइलिस्ट रहे लॉ रोच ने टॉम हॉलैंड और जेंडाया के साथ उनकी शादी पर एक नया अपडेट शेयर किया है और साथ ही यह भी बताया है कि यह कपल किस साल शादी कर सकता है।

हॉलीवुड स्टार जेंडाया और टॉम हॉलैंड ने एक साथ कई फिल्मों में साथ काम किया है, जिनमें ₹स्पाइडर-मैनः होमकमिंग₹, ₹स्पाइडर-मैनः फार फ्रॉम होम₹ और ₹स्पाइडर-मैनः नो वे होम₹ शामिल हैं, जिनमें दोनों ने एमजे और पीटर पार्कर का किरदार निभाया है। ऑनस्क्रीन पर पसंद की जाने वाली यह जोड़ी अब जल्द ही ऑफस्क्रीन पर शादी करने वाली है। जानिए कब होगी जेंडाया और टॉम की शादी।

पिंकविला की एक खबर के मुताबिक, जेंडाया के स्टाइलिस्ट लॉ रोच ने कहा है कि जेंडाया और टॉम हॉलैंड की शादी अभी बहुत दूर है। उन्होंने जनवरी में सगाई की थी, लेकिन शादी 2026 में होने की उम्मीद है। बहरहाल, दोनों ही इस समय कई फिल्मों में व्यस्त हैं और अगले साल भी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। जेंडाया की सगाई की अंगूठी पहली बार जनवरी में गोल्डन ग्लोब्स में देखी गई थी। टॉम के पिता ने पैट्रियन पर सगाई की खबर की पुष्टि की थी।

### टॉलीवुड

## कोर्ट में गैरहाजिर होकर फिल्म स्क्रीनिंग में दिखे अभिनेता दर्शन



कर्नाटक के मशहूर अभिनेता दर्शन थुगुदीपा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। पिछले साल जून में रेणुका स्वामी के अपहरण, हमले और हत्या के मामले में मुख्य आरोपी दर्शन मंगलवार शाम को अपनी नई फिल्म 'वामन' की खास स्क्रीनिंग में बेंगलुरु में नजर आए। हैरानी की बात यह है कि उसी दिन सुबह उन्होंने पीठ दर्द का हवाला देकर कोर्ट की सुनवाई से दूरी बना ली थी।

दर्शन के वकीलों ने दावा किया कि अभिनेता को पिछले साल बेल्लारी जेल में रहते हुए पीठ दर्द की शिकायत हुई थी, जो अब फिर से उभर आई है। उस वक्त दर्शन ने स्थानीय अस्पताल में इलाज से इनकार कर दिया था और बेंगलुरु ले जाने की मांग की थी। कुछ दिनों बाद उन्हें मेडिकल आधार पर जमानत मिली और शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, दर्शन की कोर्ट में गैरहाजिरी जज शख्त नजर आए। कोर्ट ने कहा कि भविष्य में किसी भी बहाने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अभिनेता को हर सुनवाई में मौजूद रहना होगा। इस सुनवाई में दर्शन ने अपने घर से जब्त 75 लाख रुपये की नकदी वापस मांगने की अपील भी की थी। बाकी सभी आरोपी कोर्ट में मौजूद थे। पिछले साल सभी आरोपियों को नियमित जमानत मिली थी, लेकिन शर्त थी कि वे हर सुनवाई में हाजिर होंगे। दर्शन और उनके साथियों पर रेणुका स्वामी के अपहरण, यातना और हत्या का आरोप है। रेणुका का शव बेंगलुरु में एक नाले के पास मिला था। पुलिस के मुताबिक रेणुका ने पवित्रा गौड़ा को कथित तौर पर अश्लील मैसेज भेजे थे और सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की थीं, जिसके बाद यह साजिश रची गई। इस मामले में कुल 17 लोग आरोपी हैं। पुलिस का मानना है कि दर्शन ने इस क्रूर अपराध को अंजाम देने के लिए चार लोगों को करीब 50 लाख रुपये दिए। इसमें से 30 लाख रुपये प्रदीप (उर्फ पवन) नाम के शख्स को अपहरण, हत्या और शव ठिकाने लगाने के लिए दिए गए। वहीं, निखिल और केशवमूर्ति को हत्या और शव फेंकने के लिए पांच-पांच लाख रुपये मिले। इसके अलावा दो अन्य लोग- राघवेंद्र और कार्तिक को झूठा कबूलनामा देने और दर्शन व अन्य की जगह जेल जाने के लिए उनके परिवारों को पांच लाख रुपये देने की बात कही गई थी।

### छॉलीवुड

## एन. माही की एक और फिल्म 'सुरतिया' की शूटिंग जोरों पर, सलीम कर रहे निर्देशन



लगातार फिल्मों का निर्माण करने में अग्रणी फिल्म प्रोडक्शन हाउस एन. माही फिल्म प्रोडक्शन द्वारा निर्मित एक और छत्तीसगढ़ी फिल्म 'सुरतिया' की शूटिंग इन दिनों दुर्ग जिले के पाटन में की जा रही है। इस फिल्म को निर्देशित कर रहे हैं सलीम खान और इसके डीओपी हैं लक्ष्मण यादव। लगातार एन माही के निर्माता मोहित साहू द्वारा छत्तीसगढ़ के निर्देशकों को मौका दिया जा रहा है और फिल्म निर्माण को लेकर हर संभव मदद की जा रही है ताकि वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के कई निर्देशकों को मोहित साहू ने मौका दिया है। अभी बनाई जा रही फिल्म 'सुरतिया' में निर्देशक सलीम खान ने जिन कलाकारों को कास्ट किया है उनमें सोन के नथनी फेम जीतू दुलरवा, हांडा फेम अमृता कुशवाहा, डॉ अजय सहाय, संजू साहू, प्रदीप शर्मा, विनायक अग्रवाल, जागेश्वरी मेश्राम, रुद्रा, मोना वर्मा समेत ढेर सारे कलाकार हैं। निर्देशक सलीम खान ने बताया कि सुरतिया एक पारिवारिक मनोरंजक फ़िल्म है जिसकी शूटिंग 14 अप्रैल को समाप्त हो रही है, सिर्फ गानों की शूटिंग बाकी रहेगी, जिसके लिए लोकेशन की रेकी की जा रही है।




ढीला-ढाला फैशन

चाहे आपको वॉर्डरोब अपडेट की ज़रूरत हो या आप पुरुषों के समर स्टाइल की तलाश कर रहे हों, पुरुषों के कपड़ों के लिए नवीनतम फैशन ट्रेंड जानना सभी के बस की बात नहीं। क्योंकि बेहतर दिखना अब सिर्फ़ महिलाओं की बात नहीं रह गई है। इस साल के पुरुषों के बहुत से फैशन ट्रेंड को सड़कों पर उतारे जा रहे हैं। इन सभी की खास बात यह है कि इन्हें ढीला-ढाला फैशन ही माना जा रहा है।


## ब्यूटीफुल फैंसी ब्लाउज की बैक डिजाइन आपके लिए

चाहे आप साड़ी कितना भी अच्छा पहन लो अगर आप अच्छी लेटेस्ट ब्लाऊज डिजाइन लिए अच्छे सिलेक्ट नहीं करते हैं तो आपका लुक अच्छा नहीं लगता है अगर आप सिंपल साड़ी के ब्लाउज भी अच्छे तरीके से डिजाइन करवाते हैं तो आपकी साड़ी के लुक अच्छी लगती है और देखने में भी महंगी लगती है अगर आप अपने लिए लेटेस्ट ब्लाऊज डिजाइन तलाश कर रहे हैं तो कई आईडिया मौजूद हैं। यह देखने में बहुत ही प्यारी लग रही है आप इसे दो कलर कॉम्बिनेशन से डिजाइन बनवा सकते हैं आजकल यह डिजाइन काफी फैशन में चल रही है। यह गोल गले में डिजाइन दिया गया है और गोल गले डिजाइन का फैशन कभी भी पुराना नहीं होता है तो आप भी बेफिक्र से इस तरह का डिजाइन बनवा सकते हैं।

इस तरह के डिजाइन आप लहंगा के ब्लाउज या फिर आप साड़ी के ब्लाउज में भी इस तरह के डिजाइन बनवा सकते हैं ऊपर से कट वर्क में डिजाइन दिया गया जो की काफी यूनिक लग रही है आजकल इसका काफी ट्रेंड चल रहा है। इसमें नीचे से पैच वर्क टाइप के डिजाइन दिया गया है।

अगर आपको चौकर गला में डिजाइन पसंद है तो आप अलग तरह का डिजाइन बनवा सकते हैं यह देखने में काफी सुंदर लगती है इसमें बीच-बीच में मोती का डिजाइन दिया गया बहुत ही यूनिक है, इसमें और तरीके से डिजाइन अपने ब्लाउज में बनवा सकते हैं अगर आपके मन है तो नीचे से आप सिंपल भी रख सकते हैं या फिर आप बॉर्डर में लेस भी लगवा सकते हैं। साड़ी पहनना सभी महिलाएं पहनना पसंद करती है अगर आप सिर्फ साड़ी पर ध्यान देते हैं तो आप बिल्कुल गलत है





आपको ब्लाउज डिजाइन पर भी ध्यान देना चाहिए ताकि आपका लुक आकर्षक लगे तो यह कुछ विकल्प है आपके लिए यह सिंपल में यूनिक डिजाइन है। अगर आप इस तरह का डिजाइन गोल्डन कलर के ब्लाउज में डिजाइन बनवाते हैं तो आप किसी भी साड़ी के साथ आसानी से कैरी कर सकते हैं क्योंकि गोल्डन कलर का ब्लाउज जो होती है सभी साड़ी के साथ मैच कर जाती है।

इस तरह के डिजाइन बनारसी सिल्क ब्लाउज में या फिर सिल्क ब्लाउज में भी बनवा सकते हैं आज हम जो भी डिजाइन के शेयर किए है, एकदम लेटेस्ट डिजाइन है।

कभी हम ब्लाउज बनवाने का सोचते हैं तो हमेशा हम सोच में पड़ जाते हैं कि अपने लिए कौन सा डिजाइन बनाएं जो कि हम पार्टी एवं डेली वेयर में भी कैरी कर सके तो आप इस तरह करें बनवा सकते हैं जो कि आप पार्टी वियर साड़ी में या फिर सिंपल साड़ी में भी इस तरह बनवा सकते हैं।

## इन दिनों शादियों की रौनक है शरारा सूट, बन जाएंगी महफिल की रौनक



त्यौहार का सीजन स्टार्ट हो गया है और शादी का सीजन भी स्टार्ट होने वाला है ऐसे भी आप भी अपने वॉर्डरोब में ऐड करना चाहते हैं तो आपको शरारा सूट के एकदम बेहतरीन और खूबसूरत कलेक्शन एकदम रॉयल लुक देंगे।



इनके डिजाइन देखने में बहुत ही खूबसूरत लग रही है इसमें आपको और कलर ऑप्शन देखने को मिल जाएगी यह स्पेशली आप शादी में पहन कर जा सकते हैं अगर आपकी फ्रेंड की या आपके घर पर किसी फैमिली में शादी है तो आप इस तरह के सूट पहन सकते हैं इस तरह के डिजाइन होती है इसमें एकदम स्टाइलिश लुक आती है खासकर लड़कियां इस तरह के दिन बहुत ही पहनती है इस तरह की आजकल काफी फैशन में चल रहा है पिंक कलर में डिजाइन प्यारी लग रही है इसकी प्राइस की बात करें ओ आपको 700 से 1000 के बीच में बहुत ही अच्छी क्वालिटी के डिजाइन देखने को मिल जाएगी इसके साथ एक अच्छा सा पर्स और हाथ में वॉच या फिर ब्रेसलेट वेयर कर सकते हैं इसका लुक एकदम परफेक्ट हो जाएगा।



अगर आपको एकदम सिंपल और कंफर्टेबल शरारा सूट डिजाइन पहनना है तो आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है यह पहनने के बाद बहुत ही कंफर्टेबल लगती है देखना बहुत ही खूबसूरत है। यह पिंक कलर में है रेयॉन फैब्रिक में है यह आपको बहुत ही कम दाम में आपको ऑनलाइन मिल जाएगी आप इसे डेली वेयर में पहन सकते हैं या आप किसी पार्टी में पहन कर जा सकते हैं एकदम रॉयल लुक देती है इस तरह के सूट डिजाइन आजकल इसका काफी फैशन चल रहा है इसका पैटर्न एंब्रॉयडरी एकदम इरिगेशन है इसमें नेक में डिजाइन दिया गया है जो की बहुत ही प्यारी लग रही है। अगर आपको एकदम सटल लुक पाना है तो आप इस तरह शरारा सूट ट्राई कर सकते हैं।

## चूड़े की खास डिजाइन लगाएगी चार चांद

अगर आप भी दूल्हन की डिजाइनर चूड़ियों की तलाश में है तो हम आपके लिए लेकर आए हैं न्यू मॉडल का चूड़ी डिजाइन जो आपको एक नजर में पसन्द आएंगी आप कितनी भी अच्छे लहंगा पहन ले या फिर साड़ी अगर आप चूड़ी अच्छा नहीं पहनते हैं तो आपका पूरा लुक एकदम बेकार लगता है ऐसे में आपको ऐसे पास एक अच्छा चूड़ी का कलेक्शन भी होना चाहिए।

### कुंदन ब्राइडल चूड़ा डिजाइन

कुंदन चूड़ी डिजाइन आजकल काफी फैशन में चल रहा है। कुंदन का इयरिंग्स हो या फिर नेकलेस सभी आजकल काफी चल रही है। महिलाएं हो या लड़कियां दोनों ही अपने लिए इस तरह का डिजाइन लेती है। यह देखने में काफी खूबसूरत लगती है। आप अपने लिए इस तरह के डिजाइन जरूर ले इसमें आपको और कलर कॉम्बिनेशन मिल जाएगी जो कि आप अपने अनुसार से ले सकते हैं। इसमें और डिजाइन आपको देखने को मिल जाएगी। इसमें थोड़ा लटकन का भी डिजाइन दिया गया होता है।

### लटकन वाला दुल्हन चूड़ा डिजाइन

शादी में दुल्हन लटकन वाला डिजाइन अपने लिए जरूर लेती है थोड़ा देखने में हैवी लगता है



और पहनने के बाद आपके हाथों के खूबसूरती में चार चांद लगा देती है इस तरह का डिजाइन आजकल काफी फैशन चल रहा है अगर आपकी शादी नई नवेली हुई है तो अपने लिए इस तरह का डिजाइन जरूर ले काफी खूबसूरत लगती है इसे आप किसी भी शादी पार्टी में पहन कर जा सकते हैं आप किसी भी त्यौहार वेयर कर सकते हैं बहुत ही आप खूबसूरत लगती है।

### ट्रेडिशनल रेड चूड़ा डिजाइन

अगर हम बात करें ट्रेडिशनल चूड़ा डिजाइन का तो महिलाओं को इस तरह का डिजाइन बहुत ही पसंद आती है। रेड कलर का जो डिजाइन होता है वह देखने में काफी खूबसूरत लगती है। शादीशुदा महिलाओं के लिए रेड कलर बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जाती है। अगर आपको कुछ सिंपल में पहनना है तो अपने लिए इस तरह का डिजाइन ले सकते हैं या आप डेली यूज में पहन सकते हैं।

## नई डिजाइन की पायल आपके पैरों की सुंदरता और शोभा दोनों बढ़ाएगी

लड़की हो या फिर महिलाओं दोनों को पायल की डिजाइन पहनना बहुत ही ज्यादा पसंद है। मार्केट में आपको बहुत तरह-तरह के पायल डिजाइन देखने को मिल जाएगी लेकिन आप भी एकदम ट्रेंडी और खूबसूरत डिजाइन का तलाश कर रह, हैं तो एकदम फैंसी और लेटेस्ट पायल का डिजाइन आपको देखते ही पसंद आएगी। कुछ सिंपल पायल की डिजाइन जो कि आजकल ट्रेंडिंग में चल रही है आप इसे डेली यूज में पहन सकते हैं इसकी प्राइस की बात करें तो आपको वेट के अनुसार से मिल जाएगी। यह पायल की डिजाइन एकदम लाइटवेट है, जिन्हें आप डेली यूज में आसानी से कैरी कर सकते हैं, खासकर इस तरह के पायल की डिजाइन लड़कियों को बहुत ही पसंद आती है, अगर आप शादीशुदा है तो भी आप इस तरह करें लाइट वेट पायल अपने ले सकते हैं, काफी प्यारी डिजाइन है।

हम आपके लेकर आए हैं कुछ यूनिक पायल की डिजाइन जो लड़कियां पहन सकती है या फिर महिला भी पहन सकती है यह जो डिजाइन है लड़कियां बहुत ज्यादा पसंद करती है अगर आप कोई डिजाइन पसंद है तो जरूर ट्राई कर। इसकी प्राइस की बात करें तो आपको 2000 से



4000 के बिच मिल जाएगी आपको खरीद सकते हैं इसमें आपको अनेक तरह डिजाइन देखने को मिल जाएगी जो कि आजकल ट्रेंड कर रही है। अगर आप कोई इस तरह का पायल की डिजाइन पसंद है तो आप जरूर ट्राई कीजिएगा क्योंकि यह जो डिजाइन होती है बहुत या खूबसूरत लगती है महिलाओं ज्यादा पसंद करती है यह आपको 4000 से लेकर 6000 के बीच में मिल जाएगी जो कि आप अपने बजट के अनुसार से खरीद सकते हैं अगर आपको यह डिजाइन पसंद है तो आप इमेज डाउनलोड कर सकते हैं, कभी भी खरीद सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

#### दाढ़ी को सलीके से रखना भी एक हुनर

## गर्मी कई बार भारी पड़ जाती है दाढ़ी रखने के शौकीनों पर, टूटने लगे बाल तो ऐसे रखें ख्याल

बियर्ड बहुत खास होती है और इसे हासिल करना किसी तपस्या से कम नहीं होता है। हो सकता है कि आपको मेरी बात पर यकीन न हो। लेकिन इस बात की तस्दीक आप किसी भी बियर्ड मैन से पूछकर कर सकते हैं। मेरा दावा है कि वो इस बात पर सहमत होंगे। लेकिन हर किसी को ये पता नहीं होता है कि बियर्ड को तेजी से कैसे बढ़ाएं या बियर्ड केयर और बियर्ड को पोषण कैसे दें? बियर्ड की केयर ही वो चीज है, जिससे ये तय होता है कि आपका लुक कितना दमदार दिखेगा। ये दोनों ही स्थितियां सिर्फ बियर्ड की केयर और स्टाइल पर ही तो निर्भर करती है। लेकिन, गर्मियों के दौरान, त्वचा में खुजली, चकत्ते और झुर्रियों जैसी समस्याओं का खतरा होता है, क्योंकि स्किन से पूरे दिन अधिक पसीना और सीबम निकलता रहता है।



### बियर्ड को रेगुलर ट्रिम करें

दाढ़ी को ऐसे समय में बनाए रखना जब बाहर मौसम गर्म हो रहा हो, तो इससे किसी को भी परेशानी हो सकती है। यदि आप अपने चेहरे के बालों के बारे में डिफेंसिव हैं और अभी तक इसे शेव करने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हैं। तो इसे हल्का सा ट्रिम कर सकते हैं।-

ये बियर्ड को फज फ्री रखने में मदद करता है। इसे पूरी तरह से शेव न करें, लेकिन वॉल्यूम को हल्का सा लो कर सकते हैं। एक फुल बियर्ड की जगह पर हैवी स्टबल को सपोर्ट करें। ट्रिमिंग न केवल आपके चेहरे के बालों को आकार में रहने में मदद करती है, बल्कि रूखेपन और स्प्लिट एंड्स को खत्म भी करता है।

### बियर्ड शैंपू का इस्तेमाल करें

ये स्टेप वाकई बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आपकी त्वचा के छिद्र गर्मी के महीनों में अधिक पसीना और सीबम का स्राव करते हैं। इसलिए आपको अपनी दाढ़ी की देखभाल के रूटीन को अपडेट करना होगा। हर तीन दिनों के बजाय, एक दिन छोड़कर दूसरे दिन अपने चेहरे के



बालों को शैम्पू करें। अगर आपका चेहरा तैलीय और मुहांसों से भरपूर है, तो इसे रोजाना करें। यह आपकी दाढ़ी के नीचे जमा होने वाली धूल और जमी हुई गंदगी को हटाने में मदद करेगा। सुनिश्चित करें कि आपके द्वारा उपयोग किया जाने वाला शैंपू सल्फेट, सिलिकॉन, पैराबेन और अन्य एब्रेजिव रसायनों से मुक्त हो। इससे आप बेहतर बियर्ड और स्मार्ट लुक पा सकेंगे।

### पोषण देने वाले तेल लगाएं

गर्मियों के मौसम के दौरान, त्वचा में रूखेपन के कारण ड्राई टैन लाइन, सनबर्न और फाइन लाइन्स जैसी समस्याएं होने का खतरा अधिक होता है। इस स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए, अपनी दाढ़ी को ट्रिम करना और इसे बहुत बार धोना पर्याप्त नहीं है। आपको अपने चेहरे के बालों के नीचे की त्वचा को हाइड्रेट और पोषण देने के लिए अतिरिक्त उपाय करने चाहिए। ऐसा करने का एक तरीका शैम्पू सेशन के बाद कम से कम पंद्रह मिनट के लिए एक कंडीशनर को लगाकर छोड़ना है।